RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

**सुविचार**

निर्भय केवल वही रहता है,
जो सत्य की शरण में है और
जो असत्य का सहारा लेता है,
वह हमेशा भय में रहता है।
- के.पी. जाट, भोपाल

जो बाहर की सुनता है वह बिखर जाता है,
जो अंदर की सुनता है वह संवर जाता है।
- अजब सिंह राजपूत, आष्टा

सुंदरता सस्ती है चरित्र महंगा है..
घड़ी सस्ती है लेकिन वक्त महंगा है।
- योगेन्द्र गीते, देपालपुर

दैनिक

# विनय उजाला

### यह विकास और सुशासन की ऐतिहासिक जीत : पीएम मोदी

नई दिल्ली (हि.स.)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के निर्णायक नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां की जनता का आभार जताया है। शनिवार को उन्होंने ट्वीट के माध्यम से कहा कि एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र के मेरे भाई-बहनों, खासकर राज्य के युवाओं और महिलाओं का हार्दिक आभार। यह स्नेह और गर्मजोशी अद्वितीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि महायुति गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। जमीन पर उनके प्रयासों के लिए प्रत्येक एनडीए कार्यकर्ता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले हर एक कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की।

वर्ष-05, अंक 357 | अलीराजपुर, रविवार ● 24 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए , कुल पृष्ठ - 8

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाईटेक गौ-शाला का किया भूमि-पूजन

# घर-घर बछिया उपलब्ध कराकर दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया जाएगा

## अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में गौ-माता से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा कोर्स आरंभ होंगे

विनय उजाला

**अलीराजपुर/भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गौ-माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास है। जो भी गोवंश का पालन करे वही गोपाल है, जिसके घर में गाय का कुल वह घर गोकुल है। अतः प्रत्येक व्यक्ति और परिवार को घर में गोपालन के लिए पहल करना चाहिए।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिना धर्म, भाषा, जाति और क्षेत्र के भेदभाव के हमें गौ-पालन को प्रोत्साहित करना है। परंपरागत रूप से भी भारत में सभी धर्म और जाति के लोग गौ-पालन करते हैं और यही हमारी सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के ग्राम बरखेड़ी डोब में 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाईटेक गौ-शाला के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि भोपाल जिले के बरखेड़ी डोब ग्राम में 25 एकड़ क्षेत्र में 15 करोड़ रूपए की लागत से गौ-शाला का निर्माण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाईटेक गौ-शाला भूमि-पूजन स्थल पहुंचने पर सर्वप्रथम गौ-माता को दुलार कर नमन किया तथा उन्हें आहार सामग्री अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश में गोवंश संरक्षण और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए संचालित गतिविधियों पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



### बदलती जीवनशैली में निरंतर बढ़ रहा है गौ-शालाओं का महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व के अधिकांश देशों में दुग्ध की आपूर्ति गौ-माता ही करती हैं। सनातन संस्कृति में गौ-माता का महत्व इससे स्पष्ट हो जाता है कि मानव जीवन की पूर्णता के लिये गौ-दान आवश्यक बताया गया है। बदलती जीवनशैली में गौ-शालाओं का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। इसे देखते हुए राज्य शासन द्वारा विशाला गौ-शाला स्थापित करने की दिशा में सक्रियता से कार्य किया जा रहा है, वर्तमान वर्ष में अब तक 300 गौ-शालाओं का पंजीयन हुआ है। विभिन्न सामाजिक संगठन भी गौ-शाला संचालन में पहल कर रहे हैं। गौ-पालन परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ परिवार को पोषक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने में भी सहायक है।



### सूखी सेवनिया रोड को फोरलेन किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय विद्यालय सूखी सेवनिया को सीएम राइज विद्यालय बनाने और सूखी सेवनिया रोड को विभागीय मद अनुसार फोरलेन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बरखेड़ी डोब क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के माध्यम से गौ-माता से संबंधित डिग्री-डिप्लोमा कोर्स आरंभ किया जाएगा। स्वामी श्री अच्युतानंद जी महाराज ने गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार गठन के बाद अभी तक के अल्प समय में प्रदेश में लगभग 50 हजार गायों के पालन-पोषण की व्यवस्था की है और प्रदेश की लाखों गायों की देखभाल का संकल्प लिया है। मध्यप्रदेश सरकार इस वर्ष को गौ-संवर्धन वर्ष के रूप में मना रही है। आज यहां गोलोक धाम की स्थापना इसी कड़ी में एक सार्थक प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इस प्रयास के लिए सभी महात्मा, सभी ऋषिगण उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद और आशीर्वाद देते हैं। गौ-माता का पालन-पोषण हम सभी सनातनियों का दायित्व है। हमें इस प्रकार के प्रयास करने चाहिएं कि हर घर में एक गाय रहे। गौ-माता के बिना घर सूना होता है।

## जोधपुर एम्स के दीक्षांत समारोह में उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, मेडिकोज मानव सेवा को रहें समर्पित

**जोधपुर (हि.स.)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली से जोधपुर पहुंचकर उत्साह के साथ नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल सांइस के 64वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अपने बीच दीक्षांत समारोह में पाकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया।**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एम्स जोधपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के साथ डिग्री हासिल करने वाले मेडिकोज को मानव सेवा को अपना जीवन समर्पित करने का आह्वान किया। उन्होंने भारत देश में स्वास्थ्य सेवाओं के लगातार विस्तार होने पर खुशी जाहिर करने के साथ पहला सुख निरोगी काया पर फोकस करते हुए सभी के सुख मय जीवन की कामना की है। उप राष्ट्रपति धनकड़ विशेष विमान से जोधपुर पहुंचे और जोधपुर पहुंचने के साथ सीधा एम्स जोधपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शिरकत करने के लिए एम्स अस्पताल परिसर पहुंचर एक पेड़ मां के नाम के तहत पेड़ लगाया। इसके बाद एम्स जोधपुर के डिग्री हासिल करने वाले मेडिकोज के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाया।साथ ही उन्होंने एम्स प्रशासन से आवश्यक फीडबैक भी लिया। इसके बाद दीक्षांत समारोह के निर्धारित गाउन को धारण करने के बाद दीप प्रज्वल करते हुए दीक्षांत समारोह का आगाज किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने गीता के विभिन्न अध्यायों का जिक्र भी किया और पौराणिक चिकित्सा पद्धति से लेकर मेडिकल टूरिज्म के साथ-साथ वैक्सीनेशन और योग के मामले में भारत देश द्वारा लगातार जिस तरह से कामयाबी हासिल की गई उसको लेकर भारत देश की और अधिक विकसित होती चिकित्सा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर फोकस किया। उन्होंने सभी मेडिकोज को शुभकामनाएं दी और विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा और स्वास्थ्य जगत को जब चुना है तो वे सेवा के प्रति समर्पित रहेंगे और अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे धनखड़ ने भारत देश की चिकित्सा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के आगे से आगे सुधार होने पर खुशी जाहिर की। साथ ही मानव सेवा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और समय के साथ चिकित्सा व्यवस्थाओं में हो रहे आमूलचूल परिवर्तन और विकास पर केंद्रित करते हुए कहा कि हमारा भारत देश अब चिकित्सा और स्वास्थ्य के मामले में भी लगातार आगे बढ़ता जा रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

### उत्तराखंड... जनता के लिए खुलेगा 186 साल पुराना 'राष्ट्रपति आशियाना'

**देहरादून (हि.स.)।** राजधानी देहरादून के राजपुर रोड स्थित 186 साल पुराना एतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना आगामी अप्रैल माह से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निर्देश पर शनिवार को राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारी देहरादून पहुंचे और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक कर आशियाना में जनता के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निर्देश पर अब देहरादून स्थित 186 साल पुराने राष्ट्रपति आशियाना को आम लोगों के लिए खोला जा रहा है।

### ब्रूसेल्स में भारतीय दूतावास ने भारतीय समुद्री भोजन और वाइन टेस्टिंग कार्यक्रम के दूसरे संस्करण की मेजबानी की

**नई दिल्ली (हि.स.)।** ब्रसेल्स में भारतीय दूतावास ने भारतीय समुद्री भोजन और वाइन टेस्टिंग कार्यक्रम के दूसरे संस्करण की मेजबानी की। कार्यक्रम में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए), नई दिल्ली और समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए), कोच्चि के सहयोग से भारत की बेहतरीन पाक कला का प्रदर्शन किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि 20 नवंबर को ब्रसेल्स में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारत के प्रीमियम समुद्री भोजन और इसके जीवंत और बढ़ते वाइन उद्योग के बेहतरीन संयोजन का जश्न मनाते हुए।




## उपचुनावों में एनडीए को बढ़त मिलने पर नड्डा ने जताया मतदाताओं का आभार

**नई दिल्ली (हि.स.)। देश में महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों के साथ 14 राज्यों की कुल 46 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में भाजपा और एनडीए की बढ़त पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोगों का आभार व्यक्त किया है।**

सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनाव में भाजपा को मिला अपार बहुमत दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली जनहितकारी और राष्ट्रहितैषी नीतियों पर जनता-जनार्दन को अटूट भरोसा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन की विभिन्न सीटों पर हुई हार से स्पष्ट है कि जनता एनडीए के सुशासन और विकास के साथ है। ये जीत प्रदेश के कर्मठ कार्यकर्ताओं की अतुल्य मेहनत एवं जनता के अपार समर्थन का परिणाम है, सभी को सहृदय बधाई एवं मतदाताओं का आभार। नड्डा ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की यह ऐतिहासिक विजय एवं महायुति गठबंधन की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों व सुशासन पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। प्रदेश की जनता ने कांग्रेस समेत महाअघाड़ी के वंशवाद, तुष्टिकरण व विभाजनकारी राजनीति को सिरे से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि इस भव्य विजय पर महायुति के समस्त वरिष्ठ नेतृत्व और भाजपा महाराष्ट्र के कर्मठ कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मतदाताओं का हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

झारखंड विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश को स्वीकारते हुए जे पी नड्डा ने कहा कि लोकतंत्र में जनता-जनार्दन का निर्देश सर्वोपरि है। भारतीय जनता पार्टी सदैव झारखंड के विकास व रोटी, बेटी और माटी के सम्मान, सुरक्षा व समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। हम जनजातीय भाई-बहनों समेत जनता के हित के मुद्दे उठाते रहेंगे। चुनाव के दौरान संगठन के लिए समर्पित सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन एवं प्रदेश की जनता का हार्दिक आभार। उल्लेखनीय है कि उपचुनावों में 14 राज्यों की कुल 46 सीटों पर वोटों की गिनती में भाजपा गठबंधन 24, कांग्रेस 7, टीएमसी 6, सपा 2, आम आदमी पार्टी 3, सीपीआई-एम, नेशनल पीपुल्स पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी 1-1 सीटों पर आगे चल रही है। जिन राज्यों की खाली हुई विधानसभी सीटों पर चुनाव कराए गए हैं उनमें उत्तर प्रदेश (9 सीटें), मध्य प्रदेश (2 सीटें), गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और मेघालय की एक-एक सीट शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी का विजन भाजपा को शिखर पर ले जाएगा : चुघ

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने महाराष्ट्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास संबंधी विजन और नीतियों का परिणाम बताया और कहा कि हरियाणा में पार्टी की हालिया जीत के बाद महाराष्ट्र की बड़ी जीत यह 2047 के विकसित भारत विजन के प्रति लोगों के समर्थन की पुष्टि करता है। भाजपा को लगभग 130 सीटों पर बढ़त है तथा भाजपा नेतृत्व के महायुति को लगभग 233 सीटें मिलना एक अभूतपूर्व जीत है। यह परिणाम ऐतिहासिक हैं, जहां इंडी गठबंधन केवल 49 सीटों पर ही सिमट गया है। जनता ने कांग्रेस नेर्तत्व के इंडी गठबंधन को महाराष्ट्र में सिरे से नकार दिया है। चुघ ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भाजपा ने उपचुनाव में उत्तर प्रदेश में प्रभावशाली जीत दर्ज की और साथ ही भाजपा का वोट शेयर उन सीटों पर भी बढ़ा, जहां वह बहुमत से पीछे रह गई थी।

## महाराष्ट्र... भाजपा गठबंधन की सरकार तय



**मुंबई। महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट में महायुति ने एक तरफा बढ़त बनाई है। 288 विधानसभा सीटों में भाजपा गठबंधन 230 पर आगे है, जिसमें से 107 सीटों पर जीत मिल चुकी है। 123 पर आगे थी।**

वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (MVA) 50 का आंकड़ा भी पार करता नहीं दिख रहा। अभी तक MVA ने 22 सीटें जीत ली है, 24 पर आगे हैं। राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। मुख्यमंत्री शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तीनों पार्टी मिलकर तय करेंगी कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इससे पहले फडणवीस ने सोशल मीडिया पर लिखा था- एक हैं तो सेफ हैं। महायुति में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल है, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 2019 के मुकाबले इस बार 4% ज्यादा वोटिंग हुई। 2019 में 61.4% वोट पड़े थे। इस बार 65.11% वोटिंग हुई।

### झारखंड... फिर से हेमंत सरकार

56 सीटों पर धमाकेदार जीत; हेमंत बोले- I.N.D.I.A. का परफॉर्मेंस अच्छा



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के रुझानों में हेमंत सोरेन दोबारा सत्ता में आ गए हैं। 81 सीटों पर वोटों की गिनती के दौरान रुझानों में झामुमो गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है। भाजपा गठबंधन ने 24 सीटों पर जीत दर्ज की है। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को 81 सीटों पर मतदान हुआ था, 68% वोटिंग हुई। यह अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि चुनाव में I.N.D.I.A. का परफॉर्मेंस अच्छा रहा। उधर, रांची की सड़कों पर पोस्टर लग रहे हैं कि शेरदिल सोरेन फिर आ गया। 2019 विधानसभा चुनाव में JMM 30, कांग्रेस 16 और राजद ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी। तीनों पार्टियों का गठबंधन था। तब मुख्यमंत्री JMM नेता हेमंत सोरेन बने थे।

## सामाजिक परिवर्तन के लिए पहले व्यक्ति परिवर्तन करने की जरूरतः गोविन्द नायक

**गोरखपुर (हि.स.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविन्द नायक ने शनिवार को राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान पंच परिवर्तन के वाहक युवा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।**

सामाजिक परिवर्तन के लिए पहले व्यक्ति परिवर्तन करने की जरूरत है। व्यक्ति परिवर्तन से ही हम राष्ट्र को विकसित करने के विचार को साकार कर सकते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन गोविन्द नायक ने कहा कि पंच परिवर्तन का पहला तत्व है सामाजिक समरसता। देश के सभी नागरिकों के लिए सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने की जरूरत है। आज हमारे देश में 1200 से भी ज्यादा बोली और भाषा अलग-अलग हिस्सों में बोली जाती है। अलग-अलग त्योहार मनाए जाते हैं। इतनी विविधता के बावजूद हमारे अंदर एकता का भाव है। उन्होंने कहा कि जो परंपराएं पुरानी हो चुकी हैं, जिनकी आज कोई जरूरत नहीं है, उनको हटाने की जरूरत है। वहीं जो परंपराएं हमारे अनुरूप हैं, उनको आगे बढ़ाने की जरूरत है। आज हमें समाज में फैली दूरियों को समाप्त कर सामाजिक समरसता को स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने भगवान जगन्नाथ का उदाहरण देते हुए कहा कि जगन्नाथ का भात, जगत का प्रसाद, न पूछे जाति न पात। हमारे व्यवहार में स्वदेशी और मजबूरी में ही विदेशी होनी चाहिए। पर्यावरण के हो रहे दोहन पर युवाओं के सम्मुख अपनी चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि %आज जो पर्यावरण का विषय है, यह हमारे लिए चिंतन का विषय है न कि भाषण का विषय। आज हमें 5 ज- जल, जंगल, जमीन, जानवर और जीवन के बारे में विचार करने की जरूरत है।

**15 राज्यों की 46 विधानसभा, 2 लोकसभा के नतीजे**

# वायनाड में प्रियंका 4 लाख+ वोटों से जीतीं, मध्यप्रदेश में मंत्री हारे



**नई दिल्ली। 15 राज्यों की 46 विधानसभा और 2 लोकसभा (वायनाड, नांदेड़) सीटों पर काउंटिंग लगभग पूरी हो चुकी है।**

वायनाड लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी ने 4 लाख 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 6 लाख 22 हजार 338 वोट मिले। यहां CPI के सत्यन मोकेरी (2 लाख 11 हजार वोट) दूसरे और भाजपा की नव्या हरिदास (1 लाख 9 हजार वोट) तीसरे नंबर पर रहे। महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के संतुक हंबार्डे की जीत लगभग पक्की है। वे कांग्रेस के वसंत राव चव्हाण से आगे चल रहे हैं। चुनाव आयोग ने अभी रिजल्ट घोषित नहीं किया है। मध्य प्रदेश की विजयपुर सीट पर कांग्रेस से भाजपा में आए वन मंत्री रामनिवास रावत हार गए। वहीं, उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों में से भाजपा गठबंधन को 7 और सपा को 2 सीटों पर जीत मिली है। 46 सीटों पर भाजपा गठबंधन 24, कांग्रेस 7, TMC 6, सपा 3, AAP 3, CPI-M, नेशनल पीपुल्स पार्टी (NPP) और भारत आदिवासी पार्टी 1-1 सीटों पर आगे चल रही हैं। भाजपा गठबंधन में जेडीयू, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (HAM), असम गण परिषद (AGP), यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी (UPP) और राष्ट्रीय लोक दल (RLD) शामिल हैं।

### विजयपुर उपचुनाव... वन मंत्री रामनिवास रावत चुनाव हारे, कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा विजयी

मध्यप्रदेश की दो विधानसभा सीटों में हुए उपचुनाव में एक सीट पर भाजपा को बड़ा झटका लगा है। मोहन सरकार में वन मंत्री रामनिवास रावत अपनी परंपरागत सीट विजयपुर से चुनाव हार गए। कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा ने उन्हें करीब 7 हजार वोटों से चुनाव हरा दिया। जबकि, सीहोर जिले की बुधनी कांटे की टक्कर के बीच भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने जीत दर्ज कर ली। श्योपुर की विजयपुर सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट मानी जाती है। रामनिवास रावत यहां से 6 बार विधायक रहे। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वाइन कर ली। लेकिन 5 माह बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस के नए चेहरे मुकेश मल्होत्रा ने उन्हें चुनाव हरा दिया। श्योपुर की विजयपुर विधानसभा सीट से वन मंत्री रामनिवास रावत को हराने वाले मुकेश मल्होत्रा आदिवासी समुदाय से आते हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने विजयपुर से चुनाव लड़ा था और निर्दलय प्रत्याशी के तौर पर 40 हजार से अधिक वोट प्राप्त किए थे। मुकेश मल्होत्रा 42 साल के हैं। उनका जन्म कराहल जनपद के शिलपुरी गांव में छोटेलाल आदिवासी के यहां हुआ था। पिता सामान्य किसान हैं। मुकेश मल्होत्रा ने एलएलबी और समाजशास्त्र से एमए किया हुआ है। उनके दो बेटियां और एक बेटा है। सम्पत्ति के नाम पर उनके पास शिलपुरी गांव में दो कमरे का कच्चा मकान और कराहल में एक पक्का घर है। मुकेश मल्होत्रा गाड़ियों के शौकीन हैं। उनके पास 2023 मॉडल की थार जीप, एक महिंद्र पिकअप, एक्टिवा और एक बाइक है।



### बुधनी उपचुनाव... शिवराज के गढ़ में चित्त हुई कांग्रेस

प्रदेश की सबसे हॉट सीट बुधनी में भाजपा ने बंपर जीत दर्ज की है। बीजेपी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल को 13,846 मतों से हराकर चुनाव जीत लिया। चुनाव आयोग के अब तक के आंकड़ों के मुताबिक, रमाकांत भार्गव को 1 लाख 07 हजार 269 और कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 93 हजार 421 वोट मिले। जीत के बाद रमाकांत भार्गव ने लल्लूराम डॉट कॉम से कहा, 卐यह जनता की जीत है, मुद्दों की जीत है, सत्य की जीत है, विकास की जीत है। डबल इंजन सरकार को जनता ने वोट दिया और आगे भी विकास भी चलता रहेगा। भाजपा संगठन ने अच्छी मेहनत की है। स्पष्ट बहुमत से चुनाव जीते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### उदयगढ़ के मेगा हेल्थ कैंप में 6774 हितग्राहियों ने करवाई जांच एवं उपचार



**अलीराजपुर, निप्र।** सिकल सेल एनीमिया,हृदय रोग, त्वचा से संबंधित रोग, सोनोग्राफी, आर्थोपेडिक, शिशु रोग, स्तन कैंसर की जांच, सरवाईकल केसर की जांच, नेत्र परीक्षण,दंत रोग से संबंधित जांच एवं अन्य जांच एवं उपचारो के लिए अलीराजपुर के उदयगढ़ में संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह की प्रेरणा से मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान एवं कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर सिंह ने पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सांसद श्रीमती चौहान एवं कलेक्टर डॉ बेडेकर ने जांच एवं उपचार के लिए नियत किए गए सभी स्टाल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से बातचीत की। सांसद श्रीमती चौहान ने कैंसर रोग की स्क्रीनिंग के लिए प्रशिक्षण देने के लिए आए दल से बात की, एवं उन्होंने प्रशिक्षण ले रही स्थानीय महिलाओं से स्थानीय भाषा में बात की। इसके साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए स्थापित केंद्र का भ्रमण कर उसकी प्रगति भी देखी। सांसद श्रीमती चौहान ने शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ किए जाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि नागरिक अपना उपचार नि:शुल्क एवं तय समय में प्राप्त कर सके ताकि जिले में स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां खत्म हो सके। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने दवाई वितरण केंद्रों पर स्वयं पहुंचकर पैरामेडिकल स्टाफ के साथ दवाई वितरण की। उन्होंने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य यही है कि अधिक से अधिक नागरिक जो अपना उपचार करवाने के लिए दूर तक जाने के लिए विवश होते है उनके लिए कमिश्नर श्री सिंह की प्रेरणा से ये शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में पूरे संभाग से विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित हुए है, जो निशुल्क रूप से उच्च स्तर की जांच कर उपचार प्रदान कर रहे।

### महाराष्ट्र चुनाव में मिली प्रचंड विजय पर भाजपा ने मनाया विजय उत्सव, की आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां



**शाजापुर, निप्र।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तथा उत्तर प्रदेश उप चुनावों पर मिली प्रचंड विजय पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर विजय उत्सव मनाते हुए आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी गई। जिलाध्यक्ष अशोक नायक के नेतृत्व में शनिवार शाम भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिला कार्यालय में एकत्रित होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड विजय पर मुंह मीठा कराया। महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश के विजय का असर पूरे प्रदेश सहित जिले में भी दिखाई दिया और पार्टी के विजय उत्सव पर जमकर आतिशबाजी की गई। जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने बताया कि दोपहर से ही परिणाम रूझानों को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ता कार्यालय पर एकत्रित होने लगे थे और एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। वहीं जिलाध्यक्ष नायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनप्रिय योजनाएं और भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों ने इस विजय का मार्ग प्रशस्त किया है। उत्तर प्रदेश उप चुनावों में मिली प्रचंड जीत योगी जी के कुशल प्रशासक होने का प्रमाण है। आज का चुनाव परिणाम ये प्रमाणित करता है सारा राष्ट्र अब भारतीय जनता पार्टी को स्वीकार कर चुका है और भारतीय जनता पार्टी ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। विजय उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, विजयसिंह बैंस, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, गोपाल राजपूत, किरण ठाकुर, विपुल कसेरा, उमेश टेलर आदि उपस्थित थे।

# मांडू की वादियों का दीदार किया श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति ने कहा- मांडू सुंदर जगह है, मैं इसे देख अभीभूत हुआ

## मांडू के रानी रूपमती महल को देख बोले राष्ट्रपति वाकई में क्या खूबसूरत महल है और क्या नजारा है







सोमनाथ तिवारी

### मांडू वाकई में मांडू है, यहां के दो महल देखकर ही मन प्रसन्न हो गया अगली बार फिर आऊंगा

**मांडू। पर्यटन नगरी मांडू में आज श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे स पत्नी आज इंदौर से बाय कर मांडू पहुंचे, सबसे पहले मांडू के खुरासानी विश्रांति रेस्ट हाउस पहुंचकर यहां उनका स्वागत बुके देकर धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और धार जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने किया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में सभी विभाग के अधिकारी और प्रोटोकॉल अधिकारी मौजूद थे।**

आज मांडू रानी रूपमती महल श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति ने महल देखकर कहा वाह क्या महल और क्या नजारा है वाकई में जैसा सुना था उस अद्भुत पाया है। यहां उन्हें मांडू के गाइड जावेद खान उन्हें जब इस महल का दीदार कर रहे थे और यहां के इतिहास से उन्हें आत्मसात कर रहे थे तब विक्रमादित्य ने कहा मांडू वाकई सुंदर जगह है और मैं यहां आकर काफी खुश हूं।

#### जहाज महल और हिंडोला महल कहां मांडू अच्छा पर्यटन स्थल है

आज दोपहर में रूपमती के बाद जहाज महल और इस परिसर के अन्य महल को देखकर राष्ट्रपति बोले मांडू आना सार्थक रहा अगली बार फिर आऊंगा अपने परिवार के साथ मांडू काफी सुंदर जगह है और काफी अच्छा पर्यटन स्थल है। यहां की अबू हवा और यहां का इतिहास भी मुझे रोचक लगा।

#### जहाज महल में जल संरचनाओं को देख विक्रमसिंघे हुए अचंभित

श्रीलंका के पूर्व उपराष्ट्रपति विक्रमसिंघे जहाज महल भ्रमण के दौरान हिंडोला महल और शाही परिसर भी पहुंचे जहाज महल में प्राचीन जल संरचना और गाइड के माध्यम से 16वीं शताब्दी में होने वाली वाटर हार्वेस्टिंग के विषय में जानकर वह बेहद अचंभित हुए। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास प्राचीन है और यहां की वास्तुकला अद्भुत है। उन्होंने कहा कि यहां के प्राचीन महलों में जो वास्तुकला है वह श्रीलंका के प्राचीन महलों से मेल खाती है। इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर, एसडीओपी मोनिका सिंह, महिला एवं बाल विकास जिला अधिकारी सुभाष जैन के साथ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय पुरातत्व विभाग की तरफ से प्रशांत पाटन कर ने श्रीलंका के पूर्व उपराष्ट्रपति विक्रमसिंघे का स्वागत किया।

#### स्कूल के बच्चों के साथ सेल्फी फोटो ली

श्रीलंका के राष्ट्रपति जब मांडू की रानी रूपमती भ्रमण कर रहे थे इस दौरान स्कूल के बच्चे यहां घूम रहे थे उन्होंने उनसे कहा हम आपके साथ फोटो खिंचवाएंगे, राष्ट्रपति ने सहज अपनी पत्नी के साथ इन बच्चों के साथ फोटो खिंचवा और उनसे बात की।

#### प्रोटोकॉल सुरक्षा में यह अधिकारी सुरक्षा कमान संभाले हुए थे

संयुक्त कलेक्टर सारस्वत शर्मा, पीथमपुर एसडीएम संदीप गुर्जर, धामनोद एसडीओपी मोनिका सिंह, इंदौर कमिश्नर एसडीओपी राजेश सुलिया, नालछा तहसीलदार राहुल गायकवाड, संयुक्त कलेक्टर वसीम अहमद भट्ट, मांडू थाना प्रभारी राम सिंह राठौड़, सहित, कई अधिकारी और पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दिखे।

#### साप्ताहिक हाट बाजार हुआ प्रभावित

विदेशी मेहमान के आगमन और सुरक्षा व्यवस्था और रूट को लेकर प्लानिंग की गई थी। इसके चलते यहां शनिवार के दिन लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार प्रभावित हुआ। दोपहर 4 बजे तक बाजार में रंगत देखने को नहीं मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां शनिवार और रविवार को वर्ष भर पर्यटकों की भीड़ रहती है। और वीकेंड में विशिष्ट अतिथि भी आते हैं इसलिए मांडू के साप्ताहिक हाट बाजार को शुक्रवार के दिन आयोजित किया जाना चाहिए।

## बच्चों की आपार आईडी बनाने के संबंध में विकासखंड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन

विनय उजाला



**गंधवानी, निप्र।** विकास खंड स्तर पर शासकीय अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 1 से 12 के बच्चों की आपार आईडी बनाने के संबंध में बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र गंधवानी में समय 11:00 बजे किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनिल व्यास विकासखंड शिक्षा अधिकारी गंधवानी एवं रमेश चंद्र मोलेश्वर बीआरसी गंधवानी द्वारा की गई।

उक्त बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी द्वारा बताया गया कि कक्षा 1 से 12 में जो बच्चे शासकीय और आशासकीय विद्यालय में अध्यनरत है उन समस्त बच्चों की अपार आईडी बनाना है जिससे बच्चों के डॉक्यूमेंट किसी भी जिले या राज्य में देखे जा सकेंगे बच्चों के डॉक्यूमेंट का डिजिलॉकर तैयार किया जाएगा जो हर जगह ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा जिससे बच्चों के डॉक्यूमेंट की समस्या नहीं रहेगी बच्चा जहां भी पढ़ाई करेगा उक्त बच्चे का आपार आईडी के माध्यम से डॉक्यूमेंट देखे जा सकेंगे। इसके साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि 4 दिसंबर 2024 को एन ए एस राष्ट्रीय स्तर का सर्वे होने वाला है जिसमें गंधवानी विकासखंड अंतर्गत चार शासकीय विद्यालय एवं एक अशासकीय विद्यालय का राष्ट्रीय स्तर से चयन हुआ है चयन के पश्चात निर्धारित दिनांक को उक्त विद्यालय के कक्षा 3 ,6 में पढ़ने वाले समस्त बच्चों का शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की जाना है इसकी तैयारी हेतु भी सभी को आवश्यक निर्देश दिए गए साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए समय सीमा में पूर्ण करने हेतु सभी को अवगत कराया गया। आपार आईडी कैसे बनाई जाएगी किन बच्चों की बनेगी इसमें क्या-क्या डॉक्यूमेंट लग रहे हैं इसके संबंध में ब्लॉक एम आई एस कोऑर्डिनेटर श्री देवेंद्र साहू ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को पीपीटी के माध्यम से विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया और निर्धारित समय सीमा में कक्षा 1 से 12 तक अध्यनरत समस्त बच्चों की अपार आईडी बनाने हेतु आवश्यक जानकारी दी। उक्त बैठक में गंधवानी विकासखंड अंतर्गत शासकीय विद्यालय के समस्त संकुल प्राचार्य, आशासकीय विद्यालय के प्राचार्य, 12 जन शिक्षा केंद्र के समस्त जन शिक्षक एवं जन शिक्षा केंद्र पर कंप्यूटर में दक्ष दो शिक्षक ऑपरेटर एवं मांगीलाल सूर्यवंशी गोरेलाल मंडलोई, यशोदा परमार,गंभीर सिंह मौर्य, आशा जामोद बीएसी,रामकुमार दीक्षित प्रमिला नागर, पवन मुजाल्दे जनपद शिक्षा केंद्र गंधवानी आदि मौजूद रहे।

## ब्लड बैंक की ओपनिंग क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** नगर में विगत कई वर्षों से ब्लड बैंक की सुविधा नही थी यहां शासकीय अस्पताल में भी यह सुविधा नहीं है ऐसे में घायल मरीजों को परेशान होना पड़ता था कई बार तो स्थिति यह निर्मित होती थी की ब्लड के लिए अन्य जिलों में जाना पड़ता था नगर के कमलाबेन अस्पताल में ब्लड बैंक यूनिट का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर नगर के अन्य डॉक्टर भी पहुंचे और व ब्लड बैंक यूनिट के बारे में जानकारी दी समाजसेवी संस्थाएं एवं लायंस क्लब के पदाधिकारी सदस्य भी शुभारंभ के अवसर पर पहुंचे लायंस क्लब के राजेश पारीक ने बताया कि दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए घायल ब्लड के लिए परेशान होते थे क्षेत्र में कई बार ब्लड नहीं मिलने के कारण मरीजो की जान जोखिम में पड़ जाती थी कमला बेन अस्पताल में अक्षत ब्लड बैंक की शुरुआत से एक हद तक राहत मिलेगी ब्लड बैंक के संचालक डॉक्टर प्रभात पाटीदार ने बताया कि शुरू की गई यूनिट से निमित्त मात्र शुल्क पर लोगों की सेवा कार्य करने का मौका मिलेगा शुभारंभ के अवसर पर झाबुआ की डिप्टी कलेक्टर रितिका पाटीदार ने ब्लड डोनेट किया वहां पर नगर की अन्य सेवा संस्थाएं एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।



## इलेक्ट्रॉनिक पोल से एल्युमीनियम तार चोरी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा, करीब डेढ़ लाख के तार किए जब्त

विनय उजाला



**धार, निप्र।** इलेक्ट्रानिक पोल से एल्युमिनीयम तार चौरी करने वाली शातिर चौर गैंग को पकड़ने में रिंगनोद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने 3 मामलों का खुलासा करते हुए 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।

रिंगनोद चौकी प्रभारी जीएस भयडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि करीबन दो साल से लगातार पवन चक्कियों के इलेक्ट्रानिक पोल पर लगे एल्युमिनियम के तार चोरी की घटना हो रही थी। इन घटनाओं के आरोपीयों का पता लगाने में धार एसपी मनोज कुमार सिंह एवं एएसपी डॉ. इंद्रजीतसिंह बाकलवार के निर्देशन में तथा सरदारपुर एसडीओपी आशुतोष पटेल के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी सरदारपुर प्रदीप खन्ना के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में आरोपी कालु पिता प्यारसिंह अमलियार उम्र 28 साल तथा मुकेश पिता धनसिंह भुरिया उम्र 29 साल दोनो निवासी उण्डेढ को गिरफ्तार कर चोरी किए गए एल्युमिनियम के तार 2 क्विंटल, किमती करीब एक लाख पचास हजार रुपयें के जप्त किए है। आरोपियो की गिरफ्तारी में रिंगनोद चौकी के सहायक उपनिरीक्षक अजीतसिंह मालवीय, प्रधान आरक्षक बच्चुसिंह, गज्जुलाल, गौरसिंह, आरक्षक दिलीप, आशोक, योगेश तथा शिव का योगदान रहा है।

## दिगंबर जैन मंदिर में दो दिवसीय ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न

**शाजापुर, निप्र।** स्थानीय सोमवारिया बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में ध्वजारोहण के कार्यक्रम के द्वितीय दिवस शनिवार को सुबह 6.30 बजे से मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा, नित्यनियम पूजन, श्री पंचपरमेष्ठी विधान का आयोजन किया गया। वहीं सुबह 9 बजे से हवन हुआ, तत्पश्चात शिखर पर ध्वजारोहण का आयोजन हुआ। दोपहर में स्वामी वात्सल्य के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। हवन के बाद इंद्र इंद्राणी और समाज जन विश्व में शांति बनी रहे इसकी कामना भगवान आदिनाथ से की। बाद में ध्वजारोहण, ध्वजदंड स्थापना ढोटिया परिवार द्वारा की गई। ध्वजारोहण के लाभार्थी प्रेमचंद जैन, बसंत जैन, दिलीप, हेमंत, बब्बी एवं समस्त परिवार रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दीपक जैन ने दी।

## महाराष्ट्र चुनावों में मिली प्रचंड विजय पर भाजपाइयों ने मनाया विजय उत्सव, आतिशबाजी कर बांटी जलेबी-मिठाइयां

विनय उजाला



**धार, निप्र।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तथा उत्तर प्रदेश उप चुनावों पर मिली प्रचंड विजय पर भारतीय जनता पार्टी धार के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय पर विजय उत्सव मनाया तथा आतिशबाजी के साथ मिठाइयां व जलेबी बांटी। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिला कार्यालय में एकत्रित होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड विजय पर एक दूसरे को बधाई प्रेषित की तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश के विजय का असर पूरे प्रदेश समेत जिले में भी दिखाई दिया तथा पार्टी के विजय उत्सव पर जमकर आतिशबाजी की गई। शनिवार दोपहर से ही परिणाम रूझानों को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ता कार्यालय पर एकत्रित होने लगे तथा एक दूसरे को बधाई देते नजर आये। अपने वक्तव्य में जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी ने कहा कि महाराष्ट्र में अब तक ये हमारा सबसे बढ़िया प्रदर्शन है और झारखंड में भी पार्टी ने अच्छी सीटें प्राप्त की हैं जो पिछली बार से प्रदर्शन से काफी ज्यादा हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की जनप्रिय योजनाएं और भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों ने इस विजय का मार्ग प्रशस्त किया है। चुनावों मे आज का चुनाव परिणाम ये प्रमाणित करता है सारा राष्ट्र अब भारतीय जनता पार्टी को स्वीकार कर चुका है और भारतीय जनता पार्टी ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। विजय उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा,जिला महामन्त्री प्रकाश धाकड़, जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विपिन राठौड़ व नितेश अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री जगदीश जाट सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

### 3 महीने के लिए आवागमन का होगा परिवर्तन. 48 फीट पर अतिक्रमण भी हटेगा

# 4 किलोमीटर के नए मार्ग का निर्माण शुरू, मिलेगी धूल और टूटी सड़क की परेशानी से निजात

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र। पुराने बस स्टैंड से प्रकाश नगर तक उबड़ खाबड़ सड़क से लोग परेशान थे विगत कई वर्षों से यह समस्या यथावत थी अब नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु पाटीदार ने पहल कर करोड़ों के निर्माण कार्यों को स्वीकृत करवाया जिसमे निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है।**

जानकारी देते हुए विष्णु पाटीदार ने बताया कि करीब चार करोड़ 80 लाख की लागत से सुन्दरेल फाटे से फूडी चौराहे तक नाले का निर्माण शुरू हो गया है नाला निर्माण होने के बाद रोड का निर्माण कार्य शुरू होगा जो पुराने बस स्टैंड से प्रकाश नगर तक पहुंचेगी जिसकी अनुमानित लागत 3 करोड रुपए है।

#### निर्माण कार्य भी हुआ शुरू लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाए

यंहा नाले का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है लोग वर्षों से परेशान लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने में भी मदद कर रहे हैं पार्षद प्रतिनिधि महादेव पाटीदार ने बताया कि 4 किलोमीटर के मार्ग का निर्माण किया जाएगा यह कार्य 3 महीने में पूरा हो जाएगा फिलहाल सबसे पहले नाले का निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है रोड को बनाने के लिए 48 फीट अतिक्रमण हटाया जाएगा लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने में मदद कर रहे हैं जल्द ही धूल से उड़ते गुबारो ओर टूटी सड़क से लोगों को राहत मिलेगी।

#### 3 माह के लिए होगा मार्ग का परिवर्तन

नगर के प्रवेश मार्ग से करीब 3000 दो पहिया और चार पहिया वाहन प्रतिदिन नगर में आते हैं बड़ी संख्या में वाहनों के आने के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती थी अब इससे भी निजात मिलेगी यह भी बताया कि आगामी तीन माह के लिए सुंदरेल फाटे से फूडी होटल तक मार्ग को अवरुद्ध कर यातायात को डायवर्ट किया जाएगा आने जाने के लिए सुंदरेल फाटे से बिखरोन अंडरपास होते हुए हाईवे से फूडी चौराहे पर जाना होगा नगर प्रवेश करने पर भी इसी मार्ग का उपयोग किया जाएगा आगामी तीन माह के लिए मार्ग पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा।



#### यह होंगे प्रमुख कार्य

अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु पाटीदार ने बताया कि मुख्यमंत्री अधो संरचना योजना के अंतर्गत बन रहे इस मार्ग में सबसे पहले नाले का निर्माण होगा नाला निर्माण होने के बाद सड़क निर्माण शुरू हो जाएगा बाद नगरीय निकाय की तरफ से पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा जिसमें करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए का खर्च है रोड के दोनों और पेवर्स लगाए जाएंगे आरो की पाइपलाइन को भी पुन: शिफ्ट किया जाएगा बाद वृक्षारोपण भी किया जाएगा ताकि नगर पूर्ण रूप से सुंदर लगे।

#### विकास कार्यों पर लगी लगाम ने पकड़ी रफ्तार

विगत कुछ वर्षों से नगर परिषद अध्यक्ष सीमा विष्णु पाटीदार और पूर्व में पदस्थ सीएमओ माया मंडलोई का आपसी तालमेल न बन पाने के कारण नगर के विकास कार्य रुके हुए थे आपसी खींचतान के चलते लोग भी परेशान हो रहे थे अब माया मंडलोई का तबादला होने के बाद विकास कार्यो ने रफ्तार पकड़ी नगर के नागरिकों ने बताया कि जो रोड बन रहा है उससे नगर तो सुंदर और विकसित होगा ही साथ-साथ आने-जाने में आ रही परेशानीयो से भी राहत मिलेगी।

#### इनका कहना है

*नगर विकास में किसी भी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना पहली प्राथमिकता होगी आगामी महीनों में और अन्य विकास कार्यों की योजना भी बनाई जा रही है जो धरातल पर जल्द मूर्तरूप लेगी*

**-सीमा विष्णु पाटीदार, अध्यक्ष नगर परिषद धामनोद**

## संक्षिप्त समाचार

### महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को प्रेषित की सफल यात्रा की शुभकामनाएँ





**इंदौर, (विनय उजाला)।** मध्य प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 से 30 नवंबर तक यूके और जर्मनी प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह विदेश दौरा मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देने और वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा मध्य प्रदेश के विकास की दृष्टि से इस यात्रा पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में निवेश के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा इसमें मील का पत्थर साबित होगी। यूके और जर्मनी के निवेशकों से मुख्यमंत्री की मुलाकात मध्य प्रदेश में निवेश के साथी रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। मध्य प्रदेश में निवेश लाने के लिए विदेश जा रहे मुख्यमंत्री जी को अनंत शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। उद्योग वर्ष 2025 के प्रदेश में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 दिवसीय इस विदेश यात्रा में यूके के लंदन, बर्मिंघम, जर्मनी के म्यूनिख और स्टटगार्ट का दौरा करेंगे। इन स्थानों पर वे प्रदेश में निवेश और औद्योगिक सहयोग के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।

### जैन स्थानक भवन महालक्ष्मी नगर का उद्घाटन आज, शिलालेखो का अनावरण



**इंदौर, (विनय उजाला)।** निमाड़ सौरभ पूज्य रमणीक कंवर जी (दमु) महाराज की प्रेरणा से महालक्ष्मी नगर पर जैन स्थानक का निर्माण पूर्ण हुआ है। स्थानक भवन में पुष्प राज किमती प्रवचन हाल, सामायिक स्वाध्याय साधना परिसर का लोकापर्ण होगा। दानवीर विनोद जी किमती हैदराबाद, राजीव बम, विनय कोठारी, कान्तीलाल दुग्गड़ मालेगांव अनावरण करेगें। भगवती लाल भटेवरा, विरेन्द्र नाहर ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथी श्री चेतन्य जी कश्यप (उद्योग मंत्री म.प्र. शासन) भोपाल पधारेगें और विषेष अतिथी श्री पुष्यमित्र जी भार्गव महापौर उपस्थित रहेगें। रवि पोखरना ने बताया कि विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद संगीता महेश जोशी, दीपक जैन टिनू (प्रदेश मिडिया प्रभारी भा.ज.पा) अचल चैधरी, डॉ. राजवी चोधरी, डीपीन जी, प्रकाश भटेवरा, रमेश भण्डारी, जिनेश्वर जैन, कांतिलाल बम्ब विशिष्ठ अतिथी के रूप से उपस्थित रहेगें। आज के प्रवचन में महासाध्वी रमणीक कंवर जी दमु महाराज ने कहा कि स्थानक धर्म आराधना भवन का निमार्ण कराने ओर करवाने में सहयोग देने वाले को पुण्य का बंध होता है और भव-भव के कर्म कट जाते है स्थानक में धर्म आराधना, सामायक, स्वाध्याय, जप-तप साधना होती है। जब आप स्थानक भवन का निर्माण करते हो, तो वहाँ पर धर्म ध्यान की गंगा बहती है। और साधु साध्वी जी पधारते है चातुर्मास का बड़ा लाभ मिलता है यह पुण्य सबसे बड़ा है। साध्वी नूतन प्रभा जी महाराज ने कहा कि स्थानक भवन के निर्माण में जो भी सहयोगी है उनका यह पुण्य उनके साथ जायेगा, जो पुण्य आत्मा होते है उन्हें ही धर्म आराधना स्थानक भवन निर्माण का लाभ और अवसर मिलता है।

महाकाल लोक की तर्ज पर, बाणेश्वर कुंड अब बनेगा बाणेश्वर लोक, 15 करोड़ से अधिक की लागत से इंदौर विकास प्राधिकरण करेगा विकसित

# पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने नगर निगम एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ किया दौरा







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** शहर के प्राचीन शिव मंदिर श्री बाणेश्वर कुंड मंदिर का जल्द ही कायाकल्प व सौंदर्यकरण हो इसके लिए पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री व विधानसभा 1 के विधायक कैलाश विजयवर्गीय की अनुशंसा से संबंधित नगर निगम एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों व पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर बाणेश्वर कुंड मंदिर का दौरा किया।

बाणेश्वर कुंड मंदिर विधानसभा 1 के अंतर्गत आने के साथ-साथ सभी शिवभक्तों का आस्था केंद्र भी है यहाँ पर हनुमान जी का भी मंदिर है।

इस अवसर पर आकाश विजयवर्गीय ने बताया कि माननीय मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में विधानसभा 1 में ज्यादा से ज्यादा विकास हो इसी कड़ी में इंदौर विकास प्राधिकरण के माध्यम से 15 करोड़ से अधिक की राशि से बाणेश्वर लोक बनाया जाएगा, जिसमें सामूहिक सत्संग हाल, रसोईघर, साधु संतों के रुकने की कमरों की व्यवस्था, कथा के लिए हाल, शौचालय व अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्था रहेगी, इस ऐतिहासिक स्थल पर ज्यादा से ज्यादा भक्त जन आकर दर्शन लाभ ले सके ऐसा प्रबंध करेंगे। संपूर्ण कार्य की राशि स्वीकृत हो चुकी है, जल्द ही इंदौर विकास प्राधिकरण इसके ऑनलाइन टेंडर लगाएगा।

आम दिनों के अलावा भी इस मंदिर परिसर मे श्रावण माह व छठ पूजन के दौरान श्रद्धालुंगण बड़ी संख्या मे उपस्थित होते है।

# नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पीपीपी मोड पर खुलेंगे मेडिकल कॉलेज : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने पर हुई चर्चा

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने और चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था का विस्तार करने की दृष्टि से नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जा रहे हैं। प्रदेश में वर्ष- 2003 तक सिर्फ 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। गत 20 वर्ष में 12 नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुए और अब एक साथ 12 अन्य मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर प्रारंभ करने की ओर हम बढ़ चुके हैं। शीघ्र ही प्रदेश में 50 मेडिकल कॉलेज होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में अधोसंरचना सशक्त होती जा रही है। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले के लिए मेडिकल कॉलेज की संकल्प की पूर्ति के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में शनिवार को एक बैठक में प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ करने के लिए उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के नर्मदापुरम, देवास सहित अनेक अंचल नए मेडिकल कॉलेज की सुविधा से लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मंदसौर, नीमच और सिवनी में गत माह तीन मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया। प्रदेश के नागरिकों को आने वाले समय में नए-नए मेडिकल कॉलेज मिलेंगे। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री संदीप यादव ने प्रजेंटेशन द्वारा पीपीपी मॉडल में स्थापित होने वाले कॉलेजों से संबंधित रूपरेखा प्रस्तुत की। पीपीपी मोड में शासन द्वारा नियमानुसार भूमि आवंटन, अस्पतालों की वर्तमान क्षमता के विस्तार और रोगियों के उपचार पर होने वाले व्यय से संबंधित बिन्दुओं पर आज विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में शीघ्र ही मंत्रि-परिषद द्वारा आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

विधायक बैतूल श्री हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

### वर्ल्ड एंटीमिक्रोबियल रेजिस्टेंस वीक : महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में एंटीबायोटिक जागरूकता कार्यक्रम



**इंदौर, (विनय उजाला)।** महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने वर्ल्ड एंटीमिक्रोबियल रेजिस्टेंस वीक के अवसर पर एंटीबायोटिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एंटीबायोटिक के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके सही उपयोग को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विभाग की फैकल्टी और छात्रों ने एंटीबायोटिक के दुरुपयोग के नुकसानों पर प्रकाश डाला और इसके सही उपयोग के तरीकों पर चर्चा की। डॉ साधना सोडानी, डॉ अखिलेश तोमर और डॉ इला बाजपेयी ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर, कॉलेज ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के बढ़ते खतरे पर भी प्रकाश डाला। एएमआर एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट है, जिसमें बैक्टीरिया और अन्य माइक्रोब्स एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं।

कॉलेज ने एंटीबायोटिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाने और एंटीबायोटिक के सही उपयोग को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया है।

# संविधान सप्ताह पर शिक्षकों एवं युवाओं ने साझा किए विचार, बच्चों को दी संविधान की जानकारी

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र। संविधान सप्ताह के उपलक्ष्य में सजेस्ट संस्था द्वारा हाईस्कूल, ग्राम सुलावड के माध्यम से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संविधान सप्ताह के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों के क्रम में हाईस्कूल के शिक्षकों एवम् युवाओं ने स्कूल के विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के मूल्यों से अवगत कराया एवम् संविधान को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया।**

कार्यक्रम के दौरान गांव के स्कूल में बच्चों को भारतीय संविधान के इतिहास, उसके प्रमुख अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी गई।

बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस विषय पर सवाल पूछे और संविधान से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। जागरिक युवा धीरेंद्र पटेल ने संविधान को देश की एकता और समानता का प्रतीक बताते हुए इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया और साथ ही युवाओं और बच्चों से संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील किया।

# मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा MY हॉस्पिटल इंदौर में महत्वपूर्ण सहयोग

विनय उजाला




**इंदौर, नप्र।** मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा 22 नवंबर 2024 को MY हॉस्पिटल इंदौर में एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल प्रशासन को कई आवश्यक उपकरणों और संसाधनों का योगदान दिया गया। इस आयोजन में समाजसेवा के प्रतीक के रूप में मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

**कार्यक्रम के तहत, मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन ने MY हॉस्पिटल में निम्नलिखित योगदान दिए:-**

- 5000 बेडशीट का वितरण
- 300 स्टील की वेटिंग चेयर, जिसमें 900 व्यक्तियों की बैठक क्षमता है
- 8 एयर कंडीशनिंग (AC) ICU वार्ड के लिए
- एक EMG मशीन (न्यूरोलॉजी विभाग के लिए)
- एक लैपटॉप MY सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में

इस अवसर पर उपस्थित माननीय श्री शंकर जी लालवानी, सांसद इंदौर ने कहा, मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा लगातार मेडिकल, खेल और सामाजिक बदलाव में योगदान दिया जा रहा है। उनका यह प्रयास न केवल हमारे अस्पतालों के लिए, बल्कि समग्र समाज के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन का यह काम समाज की सेवा में एक प्रेरणा है।

इस तारतम्य में मोयरा वेल्फेयर के डायरेक्टर श्री संदीप जी जैन ने कहा कि मोयरा ग्रुप के चेयरमैन सर श्री विमल तोड़ी जी एवं वॉयस चेयरमैन श्री पवन सिंघानिया सर का विजन है कि जो हमने समाज से लिया है उसे किसी भी रूप में समाज को लौटाया जाए, इसी उद्देश्य से मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन गठन किया गया।

कार्यक्रम में श्री शंकर लालवानी, सांसद इंदौर, श्री गोलू जी शुक्ला, विधायक महोदय, माननीय दीपक सिंह जी, संभागायुक्त महोदय इंदौर, श्री डॉ संजय दीक्षित जी, डीन स्व्नरू कॉलेज, इंदौर, श्री अशोक यादव जी, अधीक्षक MY हॉस्पिटल, तथा मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर श्री संदीप जैन सर और श्री गौरव सिंघवी सर भी उपस्थित रहे।

मोयरा वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा MY हॉस्पिटल में लगातार मरीजों की मदद के लिए कार्य किया जा रहा है और इस योगदान से अस्पताल में इलाज की गुणवत्ता और बेहतर सुविधाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

### बिलावली क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने पर भवन स्वामी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**इंदौर, (विनय उजाला)।** आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश अनुसार अवैध कालोनी एवं अवैध निर्माण पर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। अपर आयुक्त श्री मनोज पाठक ने बताया कि आयुक्त श्री वर्मा के निर्देश पर जोन 13 अंतर्गत भवन अनुज्ञा एवं कॉलोनी सेल विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम बिलावली में अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने एवं बिना विकास अनुमति प्राप्त किए कॉलोनी का निर्माणकर भूखंडो का विक्रय करने पर भवन स्वामियों के विरुद्ध थाना भंवर कुवा में एफआईआर दर्ज कराई गई।

### 76वे एनसीसी दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन

**इंदौर, (विनय उजाला)।** 76वे एनसीसी दिवस के उपलक्ष में इंदौर ग्रुप एनसीसी मुख्यालय इंदौर के तत्वाधान में 9 एमपी बटालियन एनसीसी (गली नंबर 9 ,अटल द्वार के पास) इंदौर द्वारा एम वाय अस्पताल इंदौर के रक्त बैंक के माध्यम से दिनांक 24 नवंबर 2024 को प्रात: 9:00 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है! 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल एम के तिवारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस रक्तदान शिविर में इंदौर ग्रुप मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली समस्त एनसीसी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स,अधिकारी, पी आई स्टॉफ रक्तदान कर समाज सेवा के पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता करेंगे! एन सी सी कैडेट्स के उत्साहवर्धन एवं रक्तदान के लिए समाज के नागरिकों को अभिप्रेरित करने के लिए प्रिंट मीडिया के समस्त पत्रकार बंधु एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समस्त पत्रकार बंधु सादर आमंत्रित हैं।

यूरेशियन ग्रुप (ईएजी) के ए डेलिगेट्स का हुआ भारतीय परंपरा अनुसार

# अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया द्वारा होटल सयाजी में आए डेलीगेट्स का किया स्वागत





**इंदौर, (विनय उजाला)।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अधीन 41वीं यूरेशियन की 25 नवम्बर से 29 नवम्बर तक के आयोजित बैठक में डेलिगेट्स का आना जारी है, आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर सभी होटलों में आए हुए मेहमानों का स्वागत किया जा रहा है इसी क्रम में शहर के सयाजी होटल एवं अन्य होटल में आए विभिन्न देशों के डेलिगेट्स का अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया एवं होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुमित सूरी द्वारा भारतीय परंपरा अनुसार स्वागत अभिनन्दन किया गया। भारतीय परंपरा अनुसार किए गए स्वागत से आए हुए मेहमान अभिभूत हुए और उनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग, (ओल्ड पलासिया) इंदौर

E-mail ID :- eepwdelecind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.46/व.ले.लि./वि.यां./24-25 — इंदौर, दिनांक : 19.11.2024

:: निविदा विज्ञप्ति ::

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रपत्र 2.10 पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं पंजीकृत डाक (ए.डी.)/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

| क्रं. | कार्य का नाम व स्थान | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेके की अनुमानित राशि | अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का दिनांक एवं समय | 1. निविदा प्राप्ति का दिनांक, समय एवं कार्यालय | 1. निविदा खोलने का दिनांक, समय एवं कार्यालय | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्रं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | विधानसभा क्षेत्र क्रं.4 के अंतर्गत 1 स्थान पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाइंट का कार्य एवं 2 स्थानों पर पेयजल हेतु पूर्व में खनित नलकूप खनन से जी.आई. पाईप लाईन डालने का कार्य। | 2000/- | रू.7,16,425/- | रू.14,330/- | 29.11.24 5.30 बजे | 1) 05.12.24 5.30 बजे 2. लो.नि.वि. वि./यां. सं.इंदौर | 1) 06.12.24 प्रात: 11.00 बजे 2. लो.नि.वि. वि./यां. सं.इंदौर | 1) 60 दिन 2) लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदारधारी 3. प्रथम आमंत्रण। |
| 2 | विधानसभा क्षेत्र क्रं.4 के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाइंट का कार्य। | 2000/- | रू.7,63,488/- | रू.15,270/- | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 3 | विधानसभा क्षेत्र क्रं.4 के अंतर्गत 1 स्थान पर पेयजल हेतु पूर्व में खनित नलकूप खनन से जी.आई. पाईप लाईन डालने का कार्य एवं 1 स्थान पर विद्युतीकरण का कार्य। | 2000/- | रू.4,23,088/- | रू.8,465/- | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | विधानसभा क्षेत्र महू के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाइंट का कार्य। | 2000/- | रू.7,63,836/- | रू.15,280/- | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | विधानसभा क्षेत्र महू के अंतर्गत 9 स्थानों पर पानी की टंकी (क्षमता 5000ली. मय स्टेण्ड) की प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | 2000/- | रू.5,26,491/- | रू.10,530/- | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | विधानसभा क्षेत्र क्रं. 3 के अंतर्गत 2 स्थानों पर नलकूप खनन मय मोटर पंप मय रिचार्ज पाइंट का कार्य। | 2000/- | रू.7,64,492/- | रू.15,290/- | तदैव | तदैव | तदैव | 1) 60 दिन 2) लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदारधारी 3. द्वितीय आमंत्रण। |
| | कुल राशि रू. | | रू.39,57,820/- | | | | | |

टीप :- 01 निविदा सूचना की विस्तृत शर्ते कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-19333/24

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.वि./यां. संभाग, इंदौर

# सम्पादकीय

## भारतीय प्रवासियों के लिए चिंताजनक संकेत

ऐसा लगता है कि हालिया घटनाओं की रोशनी में कनाडा और उसके साथी देशों में राय बनी है कि भारत का अंदरूनी सांप्रदायिक टकराव अब निर्यात होकर उनके यहां पहुंच रहा है, जिससे आगे चल वहां कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती पैदा हो सकती है।संकेत साफ हैं। चार नवंबर को कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में हिंदू समुदाय के लोगों ने जो शक्ति प्रदर्शन किया, उसने वहां के अधिकारियों के कान खड़े कर दिए हैँ। संभवत~ इसी कारण उनका रुख सख्त हो गया है। इसकी पहली मिसाल ब्रैम्पटन के मेयर की सक्रियता में दिखी। स्पष्टत~ उनकी ही पहल का परिणाम था कि गुरुद्वारों ने खालिस्तानी सिखों की तरफ हिंदू मंदिर के बाहर हुए उग्र प्रदर्शन की निंदा की। दूसरी तरफ हिंदू मंदिर प्रबंधन ने अपने मुख्य पुजारी को निलंबित किया, जिनके हेट स्पीच के वीडियो वायरल हुए थे। इसके एक ही दिन बाद खबर आई कि मंदिर प्रबंधन ने पुजारी से माफी पत्र लेकर पुजारी को बहाल कर दिया है।उधर उसी रोज इलाके पुलिस ने एलान किया कि भीड़ को भड़काने और कथित नफरती भाषण देने के आरोप में हिंदू समुदाय के तीन नेताओं' को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने और गिरफ्तारियों की संभावना जताई है। चर्चा है कि जिन भारतीय आव्रजकों के दस्तावेज दुरुस्त नहीं होंगे, उन्हें कनाडा से वापस भी भेजा जा सकता है। ब्रिटेन के लीस्टर शहर में सितंबर 2022 में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के बाशिंदों के बीच दंगे हुए थे। ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कुछ शहरों में हिंदू-सिख तनाव और झड़पों की खबरें रही हैं।ऐसा लगता है कि इन तमाम घटनाओं की रोशनी में इन देशों में राय बनी है कि भारत का अंदरूनी सांप्रदायिक टकराव अब निर्यात होकर उनके यहां पहुंच रहा है, जिससे आगे चल वहां कानून-व्यवस्था की बड़ी चुनौती पैदा हो सकती है। गौरतलब है कि कनाडा की कार्रवाइयों को इन तमाम देशों का समर्थन हासिल है। उन देशों में बड़ी संख्या में रहने वाले भारतीय प्रवासियों के लिए यह चिंताजनक संकेत है। उनकी प्रतिष्ठा के लिए बड़ा जोखिम पैदा हो रहा है। भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता इस स्थिति को सुधारना होनी चाहिए। मगर नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता देश के अंदर अपनी मर्दाना छवि को पुख्ता करने की बनी हुई है। इस कारण खासकर कनाडा से संवाद करने और दोनों समुदायों के बीच मेलमिलाप के लिए उनकी तरफ से पहल की संभावना न्यूनतम ही है।

### आज का इतिहास... 24 नवम्बर

## विश्व ऑ-पेयर दिवस मनाया जाता है

अंतर्राष्ट्रीय ऑ-पेयर दिन मनाया जाता है। यह दिन सांस्कृतिक आदान-प्रदान, बच्चों की देखभाल, और वैश्विक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।



24 नवंबर को गुरू तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस भी मनाया जाता है। गुरू तेग बहादुर जी नौवें सिख गुरु थे जिन्होंने धार्मिक आज़ादी के लिए बलिदान दिया था।

**शिवानी गुप्ता**

विनय उजाला

## नागा चैतन्य को जन्मदिन के अवसर पर टीम तंडेल ने जारी किया नया पोस्टर

विनय उजाला




युवा सम्राट नागा चैतन्य की फ़िल्म तंडेल इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है,फिल्म के पहले गाने बुज्जी थल्ली के रिलीज़ होने के बाद से लोगों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद द्वारा रचित यह गाना जल्द ही म्यूज़िक चार्ट में टॉप पर है ,तुरंत हिट हो गया। साई पल्लवी के साथ नागा चैतन्य पर फिल्माया गया यह गाना एक मधुर कृति है जिसने दर्शकों के दिलों को छू लिया है और फ़िल्म के संगीतमय सफ़र के लिए एक चार्टबस्टर टोन सेट किया है।

नागा चैतन्य को जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए तंडेल के निर्माताओं ने एक दमदार पोस्टर जारी किया है। अपने हाथ में एक भारी लंगर पकड़े हुए, नागा चैतन्य एक भयंकर बारिश के बीच एक जहाज़ पर खड़े नज़र आ रहे हैं, उनकी तीव्र अभिव्यक्ति और शक्तिशाली रुख़ ख़तरे और दृढ़ संकल्प की भावना को व्यक्त कर रहा है। यह विशेष एक्शन सीक्वेंस फ़िल्म के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक होने जा रहा है।

नागा चैतन्य घनी दाढ़ी और लंबे बालों के साथ एक रॉ और खुरदुरे लुक में नज़र आ रहे हैं, और वे अपने दमदार अभिनय से प्रशंसकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जिस तरह से उन्होंने तंडेल में राजू की भूमिका निभाई है, उसे भारतीय सिनेमा में लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

वास्तविक घटनाओं से प्रेरित इस फ़िल्म का निर्माण बनी वास ने प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत किया है और इसे अल्लू अरविंद ने प्रस्तुत किया है। शमदत ने कैमरा संभाला है, जबकि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तकनीशियन नवीन नूली संपादक हैं। श्रीनागेंद्र तंगला प्रोडक्शन डिज़ाइनर हैं। फ़िल्म तंडेल 7 फरवरी को रिलीज़ होने वाली है और टीम इस फिल्म के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

**इराकी मिलिशिया पहले ही इजराइल पर हमले कर रहा है। यमन के हूती लाल सागर में अपने हमलों से जहाजों के आने जाने को रोक रहे हैं। उन्होंने अमेरिका के युद्ध पोत, जिससे लड़ाकू विमान उड़ान भरते थे, को भारी नुकसान पहुंचाया है। मजबूरन अमेरिका को अपना युद्ध पोत वापस बुलाना पड़ा है।**

# हरियाणा की तरह महाराष्ट्र में भी औंधेमुंह गिरे एग्जिट पोल

लोकमित्र गौतम







मतगणना के 16 राउंड बाद महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की बंपर जीत और बढ़त का जो आंकड़ा है, वह हाल में हुए हरियाणा विधानसभा के अनुमानित नतीजों के उलटफेर से भी बड़ा उलटफेर है। क्योंकि मतदान के बाद अगले दो दिन तक जो विभिन्न एग्जिट पोल्स आये थे, उनमें से किसी ने भी अकेले भाजपा को प्रदेश में 131 तो छोड़िये 100 सीटें भी नहीं दी थीं। यहां तक कि कई एग्जिट पोल्स में तो समूचे महायुति (भाजपाशिवसेना शिंदेएनसीपी अजित पवार) को ही 125 से 135 सीटें दी जा रही थीं। इलेक्ट्रोरल एज नामक एक एजेंसी ने तो समूची महायुति को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 121 सीटें ही दी थीं, जबकि इसके उलट नतीजे इतने हैरान करने वाले रहे कि अकेले भाजपा ने ही 16 राउंड तक 131 सीटें या तो जीत ली थी या इनमें निर्णायक बढ़त हासिल कर चुकी थी। यह देखकर एकबारगी तो यकीन ही नहीं होता कि ये सचमुच के नतीजे हैं या महायुति की कल्पना के चुनावी आंकड़े। महाराष्ट्र के इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 149 सीटों पर चुनाव लड़ा और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक वह 28 सीटें जीत चुकी थीं और 103सीटों पर आगे चल रही थी, इस तरह वह 131 सीटों पर जीत का परचम फहराने के लिए प्रतिबद्ध थी।

अगर गणित की कसौटी पर देखें तो यह लगभग 87 फीसदी का स्ट्राइक रेट है, जो इसके पहले महाराष्ट्र के किसी भी चुनाव में शायद ही भाजपा ने यह स्ट्राइक रेट हासिल की हो। लगता है मतदाताओं ने महाराष्ट्र में भाजपा को उम्मीद से भी कहीं ज्यादा छप्पर फाड़कर वोट दिया है। लेकिन भाजपा की तो फिर भी यह जीत कहीं न कहीं स्वीकार हो जाती है, उससे भी ज्यादा हैरान करने वाली विजय तो नेशलिस्ट कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) गुट की रही है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक एनसीपी अजित पवार की पार्टी ने 15 सीटें जीत ली थीं और 26 सीटों पर आगे चल रही थी। कुल मिलाकर 41 सीटों पर एनसीपी जीत रही थी। जबकि अभी छह महीनों पहले हुए लोकसभा चुनाव में एनसीपी को एक सीट भी बहुत मुश्किल से मिली थी। लोकसभा चुनाव में जब भाजपा 23 सीटों से घटकर 9 पर पहुंच गई थी, तो भाजपा के कुछ नेताओं और आरएसएस ने भी उसकी इस दुर्गति के लिए एनसीपी अजित पवार को ही दोषी ठहराया था, लेकिन उन्हीं अजित दादा ने पता नहीं ऐसी क्या बाजीगरी दिखायी कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जिसे सबसे फिसड्डी माना जा रहा था, उसी ने अपने जीत की स्ट्राइक रेट से बड़ों बड़ों को हैरान कर दिया है। महायुति गठबंधन में एनसीपी अजित को 59 सीटें मिली थी, जबकि शरद पवार की एनसीपी जिसे 86 सीटें मिली थी। लेकिन शरद की एनसीपी को इन पंक्तियों के लिखे जाने तक सिर्फ 4 सीटें मिली थी और वह 6 सीटों पर ही बढ़त बनाये हुए थी। इस तरह कुल 10 सीटों प र ही वह जीतती नजर आ रही थी। शायद शरद पवार की पिछले 50 सालों की राजनीति में यह सबसे बुरा दौर है, जब उनका प्रभाव क्षेत्र इतने कम विधानसभा सीटों तक रह गया है।

हैरानी की बात तो यह है कि अजित पवार ने चाचा के गढ़ बारामती में 16 राउंड के बाद 82 हजार से ज्यादा वोटों से लीड कर रहे थे। यह माना जा रहा था कि विधानसभा चुनाव तय करेंगे कि असली शिव सेना कौन सी है। उद्धव ठाकरे की या एकनाथ शिंदे की और अब कहने की जरूरत नहीं है, चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया है कि महाराष्ट्र के मतदाताओं की नजर में असली शिवसेना शिंदे ही है। क्योंकि करीब 18 चक्र की मतगणना के बाद शिवसेना शिंदे के खाते में जहां 15 सीटें आ चुकी थीं और 40 सीटों पर वह अजये बढ़त बनाये हुए थे यानी 55 सीटों पर शिवसेना शिंदे लीड कर रही थी और खुद को असली कहने वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना के खाते में 4 सीटें आ चुकी थी और 17 में उसकी बढ़त थी यानी वह कुल 21 सीटों पर ही जीतती लग रही थी।

अगर 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजों के आधार पर देखें तो शिवसेना (उद्धव) ने इन नतीजों के मुताबिक 37 सीटें गंवाई हैं और इससे भी बुरा हाल देखा जाए तो कांग्रेस का हुआ है। क्योंकि कांग्रेस को जहां लोकसभा चुनावों के आधार पर 63 विधानसभा सीटों में स्पष्ट बढ़त मिली थी, वहीं सचमुच के विधानसभा चुनाव में उसकी सीटें घटकर 16 रह गई। इस तरह देखें तो कांग्रेस को 47 सीटों का नुकसान हुआ है। महज छह महीने के भीतर भाजपा को महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर 50 विधानसभा सीटों का फायदा हुआ है। इसी तरह शिवसेना शिंदे गुट को लोकसभा चुनावों के मुकाबले इन विधानसभा चुनावों में 15 सीटों का इजाफा हुआ है। एक शब्द में अगर कहें तो वाकई महाराष्ट्र में भाजपा और उसके गठबंधन की यह जीत असाधारण है। मगर सवाल है कि आखिर पिछले छह महीनों में क्या ऐसा हुआ, जिसकी वजह से भाजपा और उसके नेतृत्व में उसके गठबंधन की पार्टियों को असाधारण बहुमत मिला?

क्या इसके पीछे मतदाताओं के मन में बनी यह राय रही कि लोकसभा चुनावों की आंशिक सफलता के बाद भी जिस तरह से इंडिया गठबंधन पूरे जज्बे के साथ एकता नहीं प्रदर्शित कर सका, क्या उसके इस व्यवहार से महाराष्ट्र की जनता ने उसे सबक सिखाने की कोशिश की है?

आखिर वह भाजपा जो लोकसभा चुनाव में एक एक सीट को तरस रही थी, उसी ने विधानसभा चुनाव में 18वें राउंड की मतगणना तक कांग्रेस से 27, उद्धव से करीब 16 और शरद पवार से करीब 13 सीटें छीन ली? सबसे बड़ी बात यह है कि अगर महाराष्ट्र के अलग अलग क्षेत्रों को देखा जाए तो इन विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसके नेतृत्व में उसके सहयोगी दलों ने उन क्षेत्रों में भी चौंकाने वाली जीत हासिल की है, जिन क्षेत्रों वो लोकसभा में काफी पिछड़ गये थे। मसलन विदर्भ की 62 विधानसभा सीटों में से 2024 के लोकसभा नतीजों के दौरान महायुति को सिर्फ 19 सीटें मिली थीं, जबकि विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी सीटें बढ़कर 48 पहुंचती दिख रही है यानी देखा जाए तो इस सबसे ज्यादा उलटफेर वाले क्षेत्र में भाजपा और उसके गठबंधन ने 29 सीटों पर बढ़त बनायी है।

विदर्भ के बाद जिस दूसरे संभाग में महायुति ने महाविकास अघाड़ी को जबर्दस्त मात दी, वह मराठवाड़ा का क्षेत्र है। यहां के 8 जिलों की कुल 46 विधानसभा सीटों में से इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भाजपा और उसका गठबंधन 39 सीटें पर आगे चल रहा था, जिसका मतलब यह है कि महायुति ने यहां 28 सीटों का इजाफा किया है। लोकसभा चुनाव में उसे इस क्षेत्र की महज 11 विधानसभा सीटों पर ही जीत मिली थी।

इस तरह अगर देखें तो 18वें राउंड की मतगणना तक महायुति ने महाविकास अघाड़ी से 95 सीटें ज्यादा हासिल करती दिख रही थीं यानी उसे जहां लोकसभा चुनावों के दौरान सिर्फ 125 विधानसभा सीटों में जीत मिली थी, वहीं विधानसभा चुनाव के दौरान उसे 220 से ज्यादा सीटें मिलती लग रही हैं। आखिर भाजपा ने यह चमत्कारिक जीत कैसे हासिल की? कौन से वो तथ्य रहे, जिनके कारण भाजपा को उम्मीद से ज्यादा न सिर्फ खुद को बल्कि उसके सहयोगियों को भी सफलता मिली?

क्या इस जीत के पीछे तात्कालिक लाभकारी योजनाएं हैं? गौरतलब है कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के कुछ दिन पहले ही सरकार ने 'माझी लाडकी बहन' योजना शुरु की थी। क्या इस वजह से उसे महिलाओं का बंपर वोट मिला? जून 2024 में शुरु की गई इस योजना में जिस परिवार की सालाना कमाई 2.5 लाख रुपये से कम हैं, उस परिवार की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिये जाने हैं और जुलाई से अक्टूबर माह तक 2.34 करोड़ महिलाओं को इसका फायदा भी मिला है? तो क्या यह उसी का नतीजा है कि महायुति को जबर्दस्त वोट मिले हैं? यही नहीं एकनाथ शिंदे ने घोषणा की थी कि अगर वो सत्ता में आते हैं तो हर महीने दी जाने वाली रकम को 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये कर देंगे या फिर यह लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा से नाराज चल रहे आरएसएस की जी तोड़ मेहनत का नतीजा है कि महाराष्ट्र चुनाव में उसके करीब 60 हजार कार्यकर्ता जमीन पर टिड्डी दल की तरह बिखर गये थे और संघ के छोटे बड़े नेताओं ने करीब 12 हजार बैठकें की थी।

जो भी हो, लेकिन इन चुनाव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि एग्जिट पोल में मतदाताओं की नब्ज को पूरी तरह से पकड़ पाना संभव नहीं रह गया, न ही यह सही रह गया है कि माहौलभर से चुनाव जीते जा सकते हैं। जिस तरह से भाजपा और उसके पितृ संगठन आरएसएस ने चुनाव में अपनी समूची ताकत झोंककर नतीजे बदलने का सिलसिला शुरु किया है, उससे तो फिलहाल यही लग रहा है कि हाड़ तोड़ मेहनत का आज भी कोई विकल्प नहीं है।

**(लेखक विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में वरिष्ठ संपादक हैं)**

# सर्दियों का इम्यूनिटी बूस्टर है हरा सिंघाड़ा

राजकुमार 'दिनकर'

कुछ फल या सब्जियां ऐसी होती हैं, जिनकी खूबियों का बखान खत्म ही नहीं होता,वो अद्भुत बल्कि कहना चाहिए सेहत के लिए चमत्कारिक रूप से फायदेमंद होती हैं। सर्दियों की शुरुआत में महज 30 से 40 दिन तक बाजार में दिखने वाला हरा सिंघाड़ा भी ऐसा ही है, जिसे चाहे तो आप फल कहें, सब्जी कहें या जड़ी बूटी भी कह सकते हैं। अंग्रेजी में वाटर चेस्टनट के नाम से जाना जाने वाला सिंघाड़ा स्वास्थ्य के लिए जबर्दस्त फायदेमंद होता है। अगर इसके पांच या सात चमत्कारिक फायदों की बात करें तो हरे सिंघाड़े में फास्फोरस, विटामिन ए, विटामिन सी, पोटैशियम, मैग्नीशियम, विटामिन बी6, कॉपर और राइबोफ्लेबिंग जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाये जाते हैं। शुरुआती सर्दियों में सिंघाड़े का सेवन करने से हम अपन वजन घटा सकते हैं। सर्दी, खांसी, फ्लू से छुटकारा पा सकते हैं। शरीर में रहने वाली कब्ज और एसिडिटी से मुक्ति हासिल कर सकते हैं और अपने पाचनतंत्र को मजबूत बना सकते हैं।

सर्दियों में अगर कुछ दिन तक नियमित रूप से हरा सिंघाड़ा खाया जाए तो इन दिनों होने वाला गले का संक्रमण नहीं होगा। इसे खाने से गले की सूजन, दर्द और खरास दूर होती हैं। क्योंकि सिंघाड़े में भरपूर एंटीऑक्सीडेंट के गुण होते हैं। सिंघाड़ा खाने से टांसिल के दर्द और गले की खरास से छुटकारा मिलता है। सर्दियों में आमतौर पर लोग कैल्शियम की कमी का शिकार हो जाते हैं और इस कारण सर्दियों में अकसर लोगों को जोड़ों और मांसपेशियों का दर्द सताता है। ठंडी हवा भीतर तक जाकर हड्डियों पर बुरा असर डालती है। उठने, बैठने और चलने में परेशानी महसूस होती है। इन सब परेशनियों से छुटकारा पाने का एक ही तरीका है, सिंघाड़ा खाएं। क्योंकि इसमें भरपूर कैल्शियम होता है। इसका सेवन करने से हड्डियां और दांत मजबूत होते हैं।

चूंकि सिंघाड़े में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जिस कारण इसका सेवन करने से सर्दी, जुकाम तथा दूसरे संक्रमण जैसे वायरल फीवर तथा विभिन्न तरह के त्वचा रोग नहीं होते। लोग सर्दियों में पानी कम पीते हैं और इस तरह डीहाइड्रेशन का शिकार हो जाते हैं। लेकिन अगर नियमित रूप से 8 या 10 सिंघाड़ों का सेवन किया जाए तो यह आपके शरीर को हाइड्रेड रखता है और यूटीआई संक्रमण से निजात दिलाता है। अस्थमा के रोगों के लिए भी सर्दियों में सिंघाड़ा किसी वरदान से कम नहीं है। सर्दियों में अस्थमा रोगियों की रेस्पिरेशन संबंधी शिकायतें बढ़ जाती हैं। सिंघाड़े का सेवन करने से वजन तो कम होता ही है, शरीर में चुस्ती, फुर्ती और ऊर्जा भी बरकरार रहती है। सिंघाड़े में आयोडीन भी पाया जाता है, जिससे इसके खाने से घेंघा रोग से बचाव होता है। सिंघाड़ा हमारी त्वचा को सूर्य की हानिकारक किरणों से भी बचाता है।

सिंघाड़ा हमें जोंडिस से बचाता है तथा शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने यानी डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। सिंघाड़े में अच्छी खासी मात्रा में आयरन होता है, जिस कारण खून की कमी की समस्या से जूझ रहे लोगों को सिंघाड़ा खाने से फायदा होता है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी सिंघाड़ा बहुत फायदेमंद होता है। इसके सेवन से मां और बच्चे दोनो की ही सेहत अच्छी रहती है तथा मिसकैरिज होने की समस्या कम हो जाती है। सिंघाड़ा पीरियड्स संबंधी समस्याओं को भी दूर करने में मददगार होता है। सिंघाड़े में जिंक और विटामिन ई भी पाया जाता है, जो त्वचा और बालों दोनो के लिए फायदेमंद होता है। सिंघाड़ा खाने से अपच संबंधी परेशानी दूर हो जाती है। यह ऐसा फल है जो आंतों की बीमारियों से हमें बचाता है। इन्हें अच्छी तरह से साफ करता है। पेट की गंदगी को दूर करने में भी यह फल बेहद असरकारक है।

लेकिन सिंघाड़े की तासीर ठंडी होती है, इसलिए जिन लोगों को पानी के फलों से एलर्जी हो, उन्हें सिंघाड़े का सेवन नहीं करना चाहिए। एक बात यह भी जान लें कि अगर आप सिंघाड़े के फायदे चाहते हैं तो हर दिन सामान्य कदकांठी के हैं तो केवल 8 सिंघाड़ों का सेवन करें और अगर कदकांठी बड़ी है तो भी अधिकतम 10 सिंघाड़े ही खाएं। हां, इस बात को भी याद रखें कि जो लोग खून पतला करने की दवाई खा रहे हैं, उन्हें इसका उपयोग नहीं करना चाहिए। जिन लोगों को बहुत पुराने कब्ज की समस्या है, तो वह भी एक बार पहले इसका इलाज करें, फिर उन्हें सिंघाड़ा खाना चाहिए। जिन लोगों को कच्चा सिंघाड़ा खाने में समस्या हो, उन्हें उबालकर सिंघाड़ा खाना चाहिए। इससे रक्तचाप कंट्रोल में रहता है, लेकिन जिन लोगों का रक्तचाप पहले से ही निम्न हो, उन्हें सिंघाड़ा खाने से बचना चाहिए। उच्च रक्तचाप वाले सिंघाड़ा खाकर उसे कंट्रोल में कर सकते हैं, लेकिन निम्न रक्तचाप वालों को इससे नुकसान हो सकता है।

उबाला हुआ सिंघाड़ा खाने और दूध पीने से बोन डेनसिटी में सुधार होता है। दांत भी स्वस्थ, चमकदार और मजबूत होते हैं। लेकिन अगर जरूरत से ज्यादा सिंघाड़ा खा लिया जाए, वह भी कच्चा सिंघाड़ा तो पेट फूलने तथा गैस अथवा दस्त की समस्या हो सकती है। इसलिए सिंघाड़ा थोड़े ही खाएं। जिन लोगों को सीधे सिंघाड़ा खाने में दिक्कत हो, तो उन्हें सिंघाड़े के आटे की रोटियां खानी चाहिए। ये बहुत फायदेमंद होती हैं। विशेषकर मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए तो रामबाण हैं। इस तरह हम देखें तो सिंघाड़ा एक बेहद फायदेमंद फल और सब्जी है, लेकिन इसका सेवन सावधानीपूर्वक करना होता है। यह लेख सिर्फ सिंघाड़े को लेकर सामान्य जानकारियां देने के लिए लिखा गया है, इसके औषधीय फायदे लेने का फैसला किसी योग्य चिकित्सक की सलाह से ही करें।

विनय उजाला

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

# राजनीति के बदलेंगे समीकरण, नये चेहरों को मिलेंगी जगह



**प्रोफे.(डॉ.) तेजसिंह किराड़ तेज**
(वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक, नागपुर)

क्या आपने सोचा था कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में बड़े बड़े दिग्गज भी हार जाएंगे! क्या आपको लगा था कि इस बार भी प्रत्याशियों पर खरीद फरोख्त का आरोप लगेगा! जी ,आज चुनाव परिणाम के आते ही ही सभी समीकरण बदल गए।

ना कोई खरीद फरोख्त हुई और ना ही पुराने दिग्गज मैदान जीतने में कोई दमखम दिखा सकें। इतना फेयर चुनाव महाराष्ट्र की राजनीति में पहली बार सामने आया है। ठीक ऐसा ही परिणाम झारखंड में भी देखने को मिला है। भले ही भाजपा झारखंड में सरकार नहीं बना पा रही है इसका मलाल भाजपा को पांच साल तक एक दंश की तरह कचोटता रहेगा। परन्तु एक दिलासा यह भी रहेगी की महाराष्ट्र भाजपा के हाथ से फिसला नहीं और लोगों ने एक बार फिर महायुति पर भरोसा किया और बमफर जीत दर्ज कर एक सुशासन और आपसी संतुलित का बेहतर तालमेल भी जीत का सबसे बड़ा फैक्टर दिखाई दिया है। महाविकास आघाड़ी जो जीत के लिए पूर्णतया आश्वस्त थी कि इस बार महाराष्ट्र में वह मैदानी जंग जीत लेगी परन्तु चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट हो चुका है कि मतदाताओं ने ना तो शरद पवार के वादों को याद रखा और ना ही उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी के मुफ्त की रेवड़ियों पर कोई लालसा दिखाई। महाराष्ट्र में परिणाम ने घोषित कर दिया है कि डबल इंजन की सरकार से ही जमीनी विकास की उत्कृष्ट इबारत लिखी जा सकती है। इस चुनाव में एक चौंकाने वाली घटना यह भी सामने आई हैं कि कांग्रेस के , भाजपा के, उद्धव ठाकरे गुट के, कांग्रेस गुट से,शरद पवार गुट से अजित गुट से और कुछ शिंदे गुट के नामचीन नेताओं को भी हार का सामना करना पड़ा है। निश्चित ही इस हार से उनकी राजनीतिक जीवन शैली भी भविष्य में प्रभावित होने वाली है। या तो वे दलबदल कर लेंगे या नये चेहरों को स्पेश देंगे। या परिवार के सदस्यों को आगे लाने की कोशिश करेंगे। क्योंकि

### मशीन का दोष है या मेहनत में कहीं खोट है!

महाराष्ट्र चुनाव परिणाम के बाद अब आरोप प्रत्यारोप का दौर आरम्भ हो चुका है। संजय राऊत इस हार को बिल्कुल पचा नहीं पा रहें हैं। वे तो बार बार एक ही रट लगाए हुए हैं कि कुछ तो बहुत ही गड़बड़ हुआ है। यह परिणाम बिल्कुल गलत आएं हैं। राज्य की जनता ऐसा परिणाम नहीं दे सकती है। आदी आदी वे बहुत कुछ बोल चुके हैं। परन्तु परिणाम को प्रशासन की मोहर लग चुकी है उन्हें अब कौन समझाएं कि महायुति की सरकार बिना खरीद फरोख्त के ही बन रही है। महाविकास आघाड़ी में हर कोई प्रत्याशी कुछ ही बड़े स्टार प्रचारकों के सहारे अपनी जीत को पक्का समझने की भूल कर गए और अपनी मेहनत को कम आंकने की गलती कर बैठे।और परिणाम जब आए तो मशीन पर ठीकरा फोड़ने लगें।

### अब क्या भविष्य होगा महाविकास आघाड़ी का ?

चुनाव परिणाम के बाद अब एक ही चर्चा जोरों पर चल रही है कि इस हार के बाद उद्धव ठाकरे का रूख़ क्या होगा ? वहीं शरद पवार अपनी पार्टी को खत्म कर कांग्रेस में विलय कर देंगे या स्वयं पद छोड़कर बेटी सुप्रिया सुले को कमान सौंप देंगे। क्या कांग्रेस भी प्रियंका को आगे लाकर राहुल बाबा को विराम करने का निर्णय लेगी ? वहीं क्या उद्धव ठाकरे भी अपने बेटे आदित्य ठाकरे को विरासत सौंप कर संन्यास ले लेंगे ? यदि भविष्य में ऐसा होता है तो युवाओं के कंधों पर एक नई राजनीति की नई परिभाषा लिखने का अवसर भी उन्हें मिलेगा। क्योंकि प्रियंका से कांग्रेस पार्टी को बड़ी उम्मीदें हैं। वहीं राहुल गांधी फ्लाप साबित हो रहें हैं।इसी लाइन में शरद पवार,और उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे भी शामिल हो चुके हैं। महायुति में ना तो परिवार वाद हावी हो पा रहा है और ना ही मनभेद और मतभेद उजागर हो पा रहा हैं ऐसे में महायुति ही महाराष्ट्र में पूरे पांच साल ही नहीं आगे की भी सत्ता को सुरक्षित और सुनिश्चित करने में जुटीं हुई है। देवेन्द्र फडनवीस के सिर पर भाजपा के शीर्ष आलाकमान ने हाथ रख दिया है इसलिए महाराष्ट्र का विकास डबल इंजन से ही चलता रहेगा।

### झारखंड क्यों हारें यह भी है शोध का एक विषय

झारखंड में हेमंत सोरेन तो सीएम का चेहरा थे ही परन्तु भाजपा ने वहां सीएम प्रोजेक्ट नहीं किया था परन्तु महाराष्ट्र में भाजपा का तीर सीधे देवेन्द्र फडनवीस को लेकर मैदान में चलाया गया था जो मतदाता भी समझ चुकें थे कि महायुति में भाजपा बड़ी पार्टी होकर भी सीएम पद पर उनका व्यक्ति क्यों नहीं है? इसलिए महाराष्ट्र में भाजपा सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब भी रही। परन्तु झारखंड में कभी भी सत्ता के समीकरण एक दिन जरूर बदलेंगे क्योंकि खेला भविष्य में अभी होना बाकी है!

### विकास, नौकरी और कृषि के वादे करना होंगे पूरे

महायुति के सामने अब सबसे बड़ी चुनौतियां अपने घोषणा पत्र में जारी वादों का हिसाब जनता को देना होगा। यह लोकतंत्र है जो आंखों पर बैठा सकते हैं तो वे उतार भी सकते हैं इस बात को हर दल सत्ता के अंदर वाले और बाहर वाले दल भी भली-भांति समझते हैं। इसलिए महायुति को रिक्त पदों को तेजी से भरना होगा। वहीं किसानों की ज्वलंत समस्याओं को भी हल करना होगा । जातिगत समीकरण से नाराज़ मराठा लोगों को भी सादना होगा। विकास के अपूर्ण पड़े हुए कार्यों से उपजा असंतोष भी दूर करना होगा। क्योंकि जीत का यह जोश पांच साल तक यथावत बना रह सकें ऐसा ही कुछ करना होगा वरना अखिलेश यादव बनकर हर चुनाव में जीत की बात करने की गलती का शिकार होने में ज्यादा समय नहीं लगता है यह महायुति भी समझती है और महाविकास आघाड़ी भी बेहतर समझतीं है।

राजनीति में कोई रिटायर होना ही नहीं चाहता है। भाजपा अब महाराष्ट्र में भविष्य की राजनीति भी एक नया इतिहास रचने की दिशा में आगे बढ़ चुकी है। भले ही एक समय उद्धव ठाकरे और भाजपा की युति का दौर चला था किंतु शिवसेना और एनसीपी की दो फाड़ के बाद जो नया राजनैतिक जन्म हुआ है उसमें एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीसी आज ओरिजनल पार्टी का लेबल लगवा चुकें हैं। यदि मूल्यांकन किया जाएं तो महाराष्ट्र में पार्टी के मुखिया परिवारवाद को इस चुनाव में मतदाताओं बिल्कुल ही नकार दिया है। शरद पवार एनसीपी अपने परिवार को बढ़ाने में लगी हुई थी वहीं उद्धव ठाकरे भी लगभग इसी बात का शिकार हो गए और सिमटकर बीस सीटों के अंदर ही रह गये।ऐसा ही हाल राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख नेता शरद पवार का भी हो चुका है वे भी दस सीटों में सिमटकर रह गये है। कांग्रेस को सबसे बड़ा नुकसान भी इन दोनों दलों की रणनीति के कारण उठाना पड़ा है। संकेत साफ है कि महाराष्ट्र में ना कांग्रेस को खुशी नसीब हुई और ना ही उद्धव ठाकरे और शरद पवार को वोट प्रतिशत ज्यादा हासिल हुआ! कहते हैं कि जो राजनीति में हर परिस्थितियों का

### महाराष्ट्र में जीत का जश्न और हार का मंथन आरम्भ

सही सही मूल्यांकन करके चलता है वह कभी सत्ता से और जीत से दूर नही हो सकता है। ऐसा ही अशोक चव्हाण ने दलबदल कर अपनी राजनीति को भाजपा में सम्मिलित होकर बचा लिया है। उद्धव ठाकरे के पास भी एक अवसर था कि वे छोटख भाई बनकर भाजपा में शामिल हो सकते थे परन्तु ठाकरे के कुछ जहर उगलने वाले नेताओं के कारण उद्धव ठाकरे की हिन्दुत्ववादीछवि को सबसे बड़ा आघात इन्हीं कुछ नेताओं ने पहुंचाया है और आज परिणाम हम सबके सामने है। उनके भाई राज ठाकरे के भी यही हाल हो चुकें हैं कि वे कभी एक दल के साथ स्थिर मानसिकता आजतक स्थापित नहीं कर पाए और नतीजा अपने बेटे की सीट भी गंवा चुके हैं।आज मनसे जिरो पर है और उद्धव ठाकरे बीस के अंदर और शरद पवार ! चर्चा तो यह भी हो रही है कि महाराष्ट्र में विपक्ष का नेता बनने का भी बहुमत ना शरद पवार के पास है और ना ही कांग्रेस और ना ही उद्धव ठाकरे के पास में है। इतनी बड़ी दुर्गति इससे पहले ना तो शरद पवार ने कभी देखी थी और ना ही कांग्रेस और ठाकरे ने कभी देखी होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित भैरवनाथ मंदिर में हुआ श्रृंगार, हवन-पूजन

जितेन्द्र वासुरे

**मंडलेश्वर।** नगर के प्रसिद्ध छप्पनदेव मंदिर में भैरव अष्टमी पर भगवान भैरवनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। आदि शंकराचार्य द्वारा मंडनमिश्र और भारती देवी के सम्मान में स्थापित मंडलेश्वर शिवालय की दक्षिण दिशा में स्थापित भैरव नाथ छप्पन देव के नाम से जाने जाते है। मंडलेश्वर के जागीरदार अनिल जागीरदार के अनुसार छप्पन देव मंदिर को ग्राम देवता कहा जाता है प्राचीन समय में गांव में होने वाले



किसी भी तांत्रिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति इसी मंदिर में दी जाती थी। भैरव अष्टमी पर इस मंदिर में दर्शन और पूजा हवन का महत्व है।मंदिर के पुजारी अजय केवट ने बताया कि भैरव अष्टमी पर मंदिर को भव्य रूप दिया गया भगवान भैरवनाथ को सुबह चोला चढ़ाने के बाद भैरवनाथ का आकर्षक श्रृंगार भक्त प्रवीण खेड़े गोलू द्वारा किया गया। मंदिर को भी फूलों और तोरण द्वार बनाकर सजाया गया। यज्ञ में दीपक सिंह तोमर दिनेश प्रजापत कमलेश वर्मा सचिन पाटीदार अभिजीत वर्मा एवं हिमांशु कुशवाह जोड़े से (सपत्निक) शामिल हुए। यज्ञ के पश्चात महाआरती में ढोल ताशे बजाकर आरती की गई जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।दोपहर में महाआरती के बाद महाप्रसादी भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में भक्तो की सेवा में लगे सेवादारों में मुकेश वर्मा राकेश सिंह पटेल लोकेश केवट गोपाल केवट जितेन्द्र वर्मा ओम केवट विजय केवट आकाश कश्यप कुणाल वर्मन शामिल रहे। रामघाट नर्मदा तट पर स्थित स्वंभू काल भैरव मंदिर में भी भैरव अष्टमी पर दो दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। पुजारी पंडित अशोक वैद्य के अनुसार शुक्रवार को मंदिर में काल भैरव का अभिषेक कर हवन पूजन किया गया।अष्टमी पर प्रातः श्रृंगार के बाद अभिषेक पूजन किया गया तत्पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ।

### जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखण्डवार प्राचार्यों की समीक्षा बैठक





**खरगोन, निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार क़ानुडे द्वारा जिले के विकासखण्डवार प्राचार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानुडे ने एमपी टॉस छात्रवृत्ति, फेल खाते खातों के अपडेशन करना, समग्र छात्रवृत्ति स्वीकृत करना, ड्रॉपबॉक्स यू डाइस के बच्चों का निराकरण करना, साइकिल चेचिस नंबर की एंट्री करना, नेशनल अचीवमेंट सर्वे की तैयारी एवं बैठकें लेना टैबलेट क्रय की एंट्री करना, गीता महोत्सव कार्यक्रम में शिक्षकों बच्चों की भागीदारी शत प्रतिशत करना, बोर्ड परीक्षा की फीस जमा करना एवं सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों लंबित शिकायतो के निराकरण करने के निर्देश दिए गए, साथ ही उन्होंने अन्य विभागीय योजनाएं पर विस्तृत चर्चा की एवं तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले के प्राचार्य एवं श्री पवार भास्कले कृष्णकांत नामदेव उपस्थित थे।

### बीएसी और सीएसी की काउंसलिंग 27 नवम्बर को जिला पंचायत सभाग्रह में होगी

**खरगोन, निप्र।** बीएसी, सीएसी की काउंसलिंग 27 नवम्बर को प्रात: 11:00 जिला पंचायत खरगोन के सभागृह में आयोजित की गई है। जिला शिक्षा केन्द्र समग्र अभियान खरगोन के जिला परियोजना समन्वयक शैलेन्द्र कानुडे द्वारा समस्त विकासखंड स्त्रोत, समन्वयक को सूचित किया है कि बीएसी, सीएसी के साथ साथ समस्त कर्मचारियों काउंसिलिंग में उपस्थित होंगे।

### सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने जैविक खाद बनाने की विधि देखी



**खरगोन, निप्र।** जन अभियान द्वारा संचालित सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं ने जिला समन्वयक विजय शर्मा और ब्लॉक समन्वयक कालू सिंह मंडलोई की मौजूदगी में केंचुओं द्वारा बनाई जाने वाली जैविक खाद वर्मी कम्पोस्ट फार्मिंग और फसलों में जैविक खाद के उपयोग और फायदे , तथा फसलों में रासायनिक खाद का उपयोग करने से वर्तमान में दैनिक जीवन में होने वाले नुकसान, की भी जानकारी ली। परामर्शदाता अर्पित जायसवाल, भागीरथ मुजाल्दे, सोनिया जायसवाल, रीना चौहान और मुकेश राठोर मौजूद थे।

### अवैध शराब परिवहन वाले आरोपी को 1 वर्ष का कारावास एवं 25 हजार रुपए जुर्माने से दण्डित किया

**बड़वानी, निप्र।** न्यायिक मजिस्ट्रेट बड़वानी श्रीमती सीता कनोजे द्वारा अपने पारित फैसले में अवैध शराब परिवहन करने के आरोप में आरोपी दीपक पिता फतेहसिह मुजाल्दे, निवासी ग्राम खण्डवा चौकी निसरपुर थाना कुक्षी जिला धार को धारा 34(2) म.प्र. आबकारी अधिनियम मे 01 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25 हजार रूपये के जुर्माना से दण्डित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला बड़वानी श्रीमतर मीना कुशवाह द्वारा की गई। अभियोजन मीडिया प्रभारी सुश्री कीर्ति चौहान द्वारा बताया कि घटना 29 जुलाई 2020 को आबकारी विभाग बडवानी मे आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ श्री मांगोदिया के गश्त के दौरान कुक्षी-बडवानी मार्ग पर ग्राम छोटी कसरावद के निकट नर्मदा पुलिया के पास अभियुक्त दीपक पिता फतेहसिह निवासी खण्डवा धार को एक हीरो डीलक्स बाईक क्रमांक एमपी 11 एमएक्स 0341 पद दांये-बांये प्लास्टिक के दो बडे झोलो में कुल 5 पेटी माउंट ब्राड बीयर 60 बल्क लीटर मदिरा का परिवहन करते संदेह होने पर रोका गया। पूछताछ किये जाने पर अभियुक्त द्वारा इस मदिरा के अधिपत्य व परिवहन का लायसेंस/परमिट होने से इंकार किया। मदिरा का अवैध परिवहन करने पर अभियुक्त से समस्त मदिरा व बाईक को जप्त कर अभियुक्त को गिरफतार किया गया। प्रथम दृष्टया अभियुक्त का कृत्य धारा-34(2) मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

# राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम ने उर्वरकों के निजी, थोक एवं खेरची विक्रेताओं के गोदामों व प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

## जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध, किसानों को यूरिया व डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक उपयोग करने की सलाह

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। रबी वर्ष 2024-25 बुआई को देखते व कृषकों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध हो इसके लिए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग के अमले एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले में उर्वरकों के निजी थोक एवं खेरची विक्रेताओं के गोदामों व प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।**

23 नवम्बर को खरगोन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम ने खरगोन में उर्वरकों के निजी थोक एवं खेरची विक्रेताओं के गोदामों व प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोडाउन में रखे उर्वरकों का पीओएस मशीन में दर्ज रिकार्ड के आधार पर भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान कृषि आदान विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि कृषि आदान (खाद, बीज एवं दवाई) निर्धारित मूल्य पर ही किसानों को विक्रय करे और ग्राहको को पक्का बिल दें। निर्धारित मूल्य से अधिक बेचते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने यूरिया एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके उर्वरकों के उपयोग करने की सलाह दी गई। जिले में यूरिया एवं एनपीके उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। निरीक्षण के



दौरान उपस्थित किसानों से चर्चा की गई। जिसमें किसानों को नैनो यूरिया एव नैनो डीएपी का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री कलेश ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है और कहीं पर भी इसकी कोई कमी नहीं है। किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने नजीमुद्दीन एंड कंपनी के गोडाउन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग खरगोन श्री बीएस कलेश, नायब तहसीलदार श्री विजय उपाध्याय, सहायक संचालक कृषि श्री प्रकाश ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री गिरधारी भावर एवं कृषि विस्तार अधिकारी श्री गोविन्द पाटीदार उपस्थित थे। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी बडवाह प्रताप कुमार अगास्या एवं वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी द्वारा आजा सेवा सहकारी संस्था सोरठी बारुल में उर्वरको का भौतिक सत्यापन एवं रिकार्ड का निरीक्षण किया गया। कसरावद एसडीएम श्री सत्येन्द्र बैरवा द्वारा माकड़खेड़ा समिति का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उर्वरक के स्टाक का सत्यापन किया गया और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। तहसीलदार सनावद द्वारा सेवा सहकारी संस्था ढकलगांव का निरीक्षण कर उर्वरक एवं बीज भंडारण की व्यवस्था देखा गया। तहसीलदार मंडलेश्वर श्री शिंगलू द्वारा ग्राम बबलाई में अंकित बीज भंडार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा गया। ग्राम सताजना में सहकारी संस्था में बीज वितरण एवं स्टॉक का निरीक्षण राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी एवम सहायक पटवारी द्वारा किया गया।



## भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत 23 नवंबर को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. गणेश पाटिल ने बताया कि प्रतियोगिता में भारतीय परंपरागत ज्ञान, बौद्ध दर्शन, वेद, पुराण, प्राचीन विज्ञान, खगोल शास्त्र, उपनिषद तथा योग जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हाशिम शेख बीए चतुर्थ वर्ष, द्वितीय स्थान अभय बगलाने बीए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर भावना वर्मा बीए द्वितीय वर्ष रही। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन प्रो कैलाश चौहान प्रो मनोज भार्वे, प्रो राजेश सिसोदिया तथा प्रो दीपक चौहान द्वारा किया गया।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की हुई शानदार जीत पर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं एक-दूसरे का मुंह मीठा करवा कर जश्न मनाया

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम दोपहर 3 बजे बाद स्पष्ट हो जाने के बाद जिला अध्यक्ष कमलनयन इंगले के नेतृत्व में भाजपा नगर मंडल बड़वानी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रीराम चौक पर शाम 4 बजे जमकर आतिशबाजी की तथा एक दूसरे को जलेबी खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमलनयन इंगले ने कहा कि महाराष्ट्र के जो परिणाम आये है वो




अभूतपूर्व है।जो महाराष्ट्र के कार्यकर्ताओं एवं नेताओ की मेहनत का परिणाम है।आगे उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महाराष्ट्र का परिणाम दर्शाता है कि कांग्रेस पूरे देश में समाप्त हो रही है और उसका जनाधार भी निरन्तर कम हो रहा है,जिसको ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी को देश मे सकारात्मक राजनीति करना चाहिए और बहुसंख्यक समाज के साथ रहना चाहिए। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, अमृतलाल अग्रवाल, जगदीश मुकाती, राजेन्द्र भावसार, कार्यालय मंत्री राजेन्द्र सोनी, ओम यादव, अजय कानूनगो, गोविंद पाटीदार, योगेश परमार, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मुनीरा सालिवाल,निकिता भामदरे के अलावा भाजपा वार्ड पार्षदगण, जिला पदाधिकारीगण व अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** शासकीय कन्या महाविद्यालय बड़वानी में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के अन्तर्गत 23 नवम्बर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.वंदना भारती, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन.एल. गुप्ता एवं डॉ. जगदीश मुजाल्दे, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. महेश कुमार निंगवाल एवं क्रीडा अधिकारी श्रीमती रेखा बिसेन के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय अंतर जिला खो-खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वंदना भारती और मंचासिन अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर खो खो (महिला) प्रतियोगिता में 05 जिलों बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी और अलीराजपुर की टीमों ने सहभागिता की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर आपको जीवन में सफल होना हो तो अपना योगदान चाहे खेल हो या पढ़ाई में 100 प्रतिशत देना चाहिए,आज का समय बहुत ही तीव्र है और हर कोई विद्यार्थी अपना गोल लेकर चलता है। विद्यार्थी पहले से ही अपने भविष्य को लेकर सजग रहते हैं, पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी उत्कृष्ट योगदान देते हैं। खेल, खेल भावना से खेलना एक खिलाड़ी का परम कर्तव्य होता है, सभी विद्यार्थी खेल भावना से खेले,आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। फाइनल मुकाबला जिला खरगोन और जिला बड़वानी के मध्य खेला गया। जिसमें जिला बड़वानी की खो-खो (महिला) टीम विजेता रही और खरगोन जिले की टीम उपविजेता रही । इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की चयन समिति की प्रो. मनीषा पाटील चेयरमेन (क्रीडा अधिकारी, सेवा सदन महाविद्यालय बुरहानपुर), डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह सदस्य (क्रीडा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय मण्डलेश्वर), डॉ. गगन कुमार चौधरी शारीरिक शिक्षण विभाग विश्वविद्यालय खरगोन, श्रीमती रेखा बिसेन संयोजक थी। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.रविंद्र बरडे ने किया और आभार प्राचार्य डॉ. वंदना भारती ने माना।इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. कविता भदौरिया, डॉ. स्नेहलता मुझाल्दा, डॉ. विक्रम सिंह भिड़े, डॉ. इन्दु डावर,डॉ. प्रियंका देवड़ा, प्रो.सीमा नाईक, प्रो.दिपाली निगम, प्रो. प्रियंका शर्मा, प्रियंका शाह, प्रो. आयुषी व्यास, प्रो.अमृता यादव, श्री कृष्णु यादव, डॉ. राकेश ठाकरे डॉ. सुर सिंह जामोद, प्रो.पवन कुमार सिंह व छात्राएँ, तथा तृतीय, चतुर्थ कर्मचारी उपस्थित थे।

### आयुर्वेद चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.वासुदेव आसलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष दशनावल द्वारा ग्राम लाखी में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम के सरपंच श्रीमति लाली बाई कमल, द्वारा भगवान धन्वंतरि जी पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन कर किया गया।शिविर में चिकित्सकों द्वारा वातरोग, आमवात, जोड़ो का दर्द, रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता, उदररोग, मुखरोग, चर्मरोग, शिरोरोग, ज्वर, सर्दी, खांसी, श्वासरोग, मूत्ररोग, स्त्रीरोग, गुदारोग एवं अन्य रोगों का उपचार किया गया। शिविर में पोष्टिक आहार के अंतर्गत मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, चना, रागी, एवम् सोयाबीन, मूंग, उड़द, गुड़, किचन मसाले की प्रदर्शनी लगाई गई। शिविर में डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के लिए होम्योपैथिक दवाई यूपेटोरियम पर्फ.30 का वितरण कर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आर्सेनिक एल्बम 30 का वितरण किया गया।

## भैरव अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** भैरव अष्ट्मी के अवसर पर जिले भर मे शनिवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सपन्न हुए।इस अवसर पर जहाँ मंदिरो मे आकर्षक साज सज्जा की गई।

पूजन अर्चना के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गई थी।भैरव अष्ट्मी के अवसर पर शहर के रानी पूरा बोहरा वाड़ी मोहल्ले मे स्थित प्राचीन मंदिर कॉल भैरव मंदिर मे कॉल भैरव अष्ट्मी मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांलुओं द्वारा प्रातः कॉल भगवान भैरव बाबा का अभिषेक पूजन कर मन मोहक श्रृंगार किया गया।इसके बाद पूजा आरती कर उपस्थित श्रद्धालुओं मे प्रसादी वितरण की गई। वही भगवान के आशीर्वाद से भक्तो की मनोकामना पूर्ण होने पर मान मन्नत पूरी की। इस अवसर पर राजेन्द्र भामदरे, रूद्र पंडित, दामोदर शर्मा, भगवती प्रसाद सोनी, मनोहर गुप्ता, सचिन भाई





पुरोहित, विजय निकुंम, रविन्द्र कुशवाह, राम यादव, धर्मेंद्र सोनी, दुष्यंत चौहान, श्याम सूर्यवंशी, धीरज भाई, रवि कन्नौजे, मनोज जिराती, पाराशर सर जी एमपीईबी, एडवोकेट किशोर ठाकुर, एडवोकेट अभिलाषा सोनी, श्रीमती वंदना, श्रीमती रानी रूद्र पंडित, श्रीमती शशि भाभी सोनी, श्रीमती सरजू पवार सहित बड़ी संध्या मे श्रद्धालू उपस्थित थे।

### सामाजिक सुरक्षा 'जिम्मेदार मर्दानगी' यौन हिंसा की रोकथाम विषय में जिला स्तर पर

## ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के दौरान ग्राम एवं नगर सुरक्षासमितियां के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों, लैंगिक असमानता और भेदभाव को खत्म करने लैंगिक असमानता और भेदभाव को खत्म करने, नशे की रोकथाम आदि के संबंध में 23 नवम्बर को जिला बड़वानी मुख्यालय पर ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक सुरक्षा 'जिम्मेदार मर्दानगी' यौन हिंसा कि रोकथाम विषय पर चर्चा कि गई।**




कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों, लैंगिक असमानता और भेदभाव को खत्म करने के लिए जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में जिले के सभी थानों के ग्राम और नगर सुरक्षा समिति के कुल 182 सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बड़वानी, जगदीश डावर ने ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियों के सदस्यों को नशे से दूर रहने और अपने आस-पास नशा मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नशे की समस्या को समाज के लिए गंभीर खतरा बताते हुए, इसके प्रति जागरूकता फैलाने और नशे की रोकथाम हेतु सभी समिति सदस्यों से सक्रिय सहयोग की अपील की। इसके अलावा, श्री



डावर ने समिति के सदस्यों के पुनर्गठन के निर्देश दिए और आगामी दिनों में अनुभाग स्तर पर भी इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। उन्होंने ग्राम और नगर सुरक्षा समितियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र में सामाजिक कुरितियों जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह और अन्य अवैध प्रथाओं के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएं। पुलिस अधीक्षक ने सभी समिति सदस्यों से यह भी कहा कि वे पुलिस के साथ मिलकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद करें और महिलाओं तथा बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम में अपनी भूमिका निभाएं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं और बच्चियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। पुलिस प्रशासन की यह पहल महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिए एक कदम और आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम में नगर रक्षा व ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को डंडे वितरित किए गए द्यकार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल पाटीदार, एस डी ओ पी बड़वानी, दिनेश सिंह चौहान, डीएसपी महिला सुरक्षा महेश सुनैया, डी एस पी अजाक जितेन्द्र सिंह भास्कर, एसडीओपी राजपुर आयुष अलावा,रक्षित निरीक्षक चेतनसिंह बघेल, अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी, पहल जन सहयोग विकास संस्थान के सचिव प्रवीण गोखले, सचिव, शुभम चौधरी, जिला समन्वयक तथा ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के कुल 182 सदस्य रहे उपस्थित।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 दिसम्बर को लगेगा जिला स्तरीय रोजगार मेला




**रतलाम, निप्र।** जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन 4 दिसम्बर को शासकीय आई.टी.आई सैलाना रोड में होगा। सूक्ष्म, लघु व माध्यम व कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार मेला लगेगा। इसमें 10 से 12 निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा नियमित पदों पर भर्ती की जावेगी एवम् संबधित विभागों द्वारा अलग-अलग स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में ख्याति प्राप्त कम्पनियों द्वारा मशीन आपरेटर, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, ट्रेनी, आफिस असिस्टेंट, एच.आर. मैनेजर, सुपरवाईजर, एजेन्ट, सिक्योरिटी गार्ड, अकाउंटेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड असिस्टेंट, कस्टमर रिलेशनशीप आफिसर, सर्वेयर, लेबर आदि अनेक पदों पर सीधी भर्ती की जावेगी। शैक्षणिक योग्यता 8वी उत्तीर्ण से स्नातकोत्तर, आयु 18 से 45 वर्ष तक। इच्छुक आवेदक 04 दिसम्बर को समय प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक शासकीय आई.टी.आई, सैलाना रोड रतलाम, में अपने फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति एवम बायोडाटा के साथ उपस्थित हों।

### भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**रतलाम, निप्र।** शहर के डाउन यार्ड रेलवे पटरियों के क्षेत्र में ल्राबुआ जिले की दो युवतियों के साथ मोबाइल लूटने के लिए की गई मारपीट और हमले के विरोध में 23 नवंबर को भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा ने प्रदर्शन किया। भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा ने दोपहर में अंबेडकर सर्किल पर एकत्रित होकर बाइक रैली निकाली। यहां से जीआरपी थाने तक पंहुचे जहां मोतीलाल चौधरी जीआरपी थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचन भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा के प्रदेश संयोजक दिनेश माल ने किया। इस दौरान आदिवासी परिवार के ध्यानवीर डामोर, प्रदेश प्रवक्ता निलेश मुनिया, महेश डोडियार, अनिल मईडा, ईश्वर भाभर, अनीता खराड़ी, सुनीता गरवाल, सह सचिव गोपाल निनामा, संजय पटेल, सह संयोजक मिथुन सिंगाड़, पवन खराड़ी आदि छात्र छात्र उपस्थित थे।

### सीएम राइज विनोबा के विद्यार्थी प्रिंस का राष्ट्रीय एथेलेटिक्स स्पर्धा में हुआ चयन



**रतलाम, निप्र।** सीएम राइज विनोबा रतलाम के विद्यार्थी प्रिंस पिता श्याम सुंदर परमार का चयन 88 वी राष्ट्रीय शालेय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु हुआ है। प्रिंस 19 से 23 नवम्बर तक लखनऊ में होने वाली राष्ट्रीय लांग जम्प स्पर्धा में सहभागिता करेगा। सी एम राइज विनोबा के खेल शिक्षक प्रह्लाद बैरागी ने बताया कि प्रिंस राष्ट्रीय स्पर्धा के पूर्व प्री-नेशनल कोचिंग कैम्प में भी शामिल होगा। स्मरणीय रहे प्रिंस ने गत वर्ष भी राष्ट्रीय स्पर्धा में पटना में सहभागिता करके प्रथम दस में स्थान बनाया था। प्रिंस की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिता सागर, संस्था प्राचार्य संध्या वोरा, उपप्राचार्य गजेंद्रसिंह राठौर, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्रसिंह सोलंकी, जिला खेल संयोजक दीपेंद्रसिंह ठाकुर और स्टाफ ने शुभकामनाएं दी है।

### नीरज मध्यप्रदेश की टीम हेतु चयनित



**हरसूद, निप्र।** ग्राम देवल्दी तहसील नया हरसूद, जिला खंडवा क्षेत्र के बालक नीरज पुत्र मंशाराम गार्गव ने अंदर 17 टीम में शूटिंग बाल में संभाग स्तरीय टूनामेंट में भागीदारी की एवं उसमें जीत हासिल की। टीम में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उनका चयन मध्य प्रदेश की टीम में हुआ। नीरज गार्गव मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 43 वें नेशनल में खेलेंगे। इस उपलब्धि पर ग्राम देवल्दी पंचायत सरपंच मंशाराम चौहान, राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी कोच अश्विनी वर्मा ने नीरज को बधाई प्रेषित की।

# बढ़ते इंतजार के बीच रतलाम से सेजावता फंटे तक फोरलेन पर यातायात बंद

## ठेकेदार ने कहा अब ट्रैफिक डायवर्जन के लिए बिना नहीं हो सकेगा निर्माण, जिसके बाद रुका ट्रैफिक

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र। करीब 2 साल पहले जोर-शोर से रतलाम से सेजावता फंटे तक फोरलेन सड़क निर्माण की हुई घोषणा दिन पर दिन समयसीमा से पीछे होती जा रही है। इसे लेकर दरगाह और आसपास के इलाके का मामला थमा ही है कि यहां से गुजरने वाले लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार से पांच दिन के लिए जावरा फाटक से सेजावता फंटे तक यातायात बंद रहेगा। इस दौरान वाहनों की आवाजाही बंजली बायपास और इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र सड़क से हो रही है।**




### ट्रैफिक के कारण नहीं हो पा रहा निर्माण

मेसर्स पृथ्वी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर ने एसपी अमित कुमार के नाम पत्र दिया था। फर्म ने कहा था कि मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के तहत जावरा फाटक से सेजावता फंटा रोड पर फोरलेन निर्माण करीब 4.12 किमी लंबाई में किया जा रहा है। पत्र में कहा गया कि जावरा फाटक से मच्छी मार्केट तक उपलब्ध चौड़ाई में फोरलेन पर सीसी रोड एक भाग का निर्माण लगभग पूरा भी हो चुका है। परंतु शेष बची हुई चौड़ाई में सड़क का निर्माण तभी हो पाएगा जब ट्रैफिक का डायवर्जन हो। इसके बाद 23 नवंबर से ट्रैफिक को पूरी तरह डायवर्ट कर फोरलेन मार्ग से निर्माण के लिए यातायात बंद कर दिया।

इसके पहले शुक्रवार को ठेकेदार ने एसपी को इस 4.12 किमी लंबे टुकड़े पर यातायात डायवर्ट करने के लिए पत्र लिखा था। कहा गया था कि ट्रैफिक डायवर्ट नहीं होने की दिशा में सड़क के बचे हुए हिस्से का निर्माण करना संभव नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि शहर के प्रवेश मार्ग को फोरलेन में तब्दील करने के लिए करीब 2 साल पहले कवायद शुरु की गई थी।

जावरा फाटक अंडरब्रिज से डोसीगांव होते हुए सेजावता फंटे तक फोरलेन बनाने के प्रस्ताव को भोपाल से स्वीकृति मिली थी। यह शहर का चौथा प्रवेश मार्ग था जहां फोरलेन बनाने का काम शुरु किया गया था। शहर के प्रवेश मार्गों में बांसवाड़ा से रतलाम सैलाना रोड पर भी फोरलेन प्रस्तावति था। इंदौर से रतलाम की तरफ सालाखेड़ी रोड फोरलेन है। बाजना से रतलाम की तरफ आने वाला सागोद रोड फोरलेन है। मंदसौर रतलाम यानी सेजावता से डोसीगांव होते हुए रतलाम का प्रवेश मार्ग भी फोरलेन बनाने का काम शुरु से ही चक्करों में अटक रहा है। इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ा और रेलवे का माल गोदाम होने के बाद भी काम शुरु होने के लगभग सवा साल बाद भी यह सड़क आधी भी नहीं बन सकी है।

इसके पहले जावरा फाटक से सेजावता तक रास्ते में आने वाली पहलवान साहब की दरगाह के आगे का कुछ हिस्सा आ रहा था। एडीएम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का काम शुरु किया गया था।

परंतु दो दिन बाद ही इस मामले में कोर्ट ने स्टे दे दिया था। इसके बाद से यह काम भी यथावत रूप से रुका हुआ है। पीडब्ल्यूडी के ईई अनुराग सिंह ने मीडिया को बताया था कि फोरलेन के लिए 21 मीटर जगह चाहिए लेकिन दरगाह और मस्जिद के पास साढ़े 14 मीटर से लेकर 16 मीटर तक जगह मिल रही थी। इसे हटाने के लिए प्रशासन ने नोटिस दिया था।

उल्लेखनीय है कि इसका कुछ हिस्सा प्रशासन ने साफ भी करवा लिया था, परंतु बचे हुए हिस्से से अतिक्रमण नहीं हट सका है।

### महीनों से चल रही समस्या

रतलाम जावरा फाटक अंडरब्रिज से सेजावता फंटे तक लगभग सवा से डेढ़ साल से लोग बेहाल हो रहे हैं। गड्ढे, खुदी हुई सड़क, कहीं बिछी हुई मोरम तो कहीं मिट्टी के ढ़ेर के बीच से बस, ट्रक, चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहनों के साथ एम्बुलेंस आदि भी निकलने को मजबूर हैं। मुसीबत यह है कि इस सड़क के डायवर्जन के रूप में शहर में आने के लिए अन्य दोनों रास्तों की स्थिति भी बहुत बेहतर नहीं रही। सेजावता से बंजली बायपास पर भी डेढ़ सालों से निर्माण का काम चल ही रहा था। दूसरी ओर इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए रेलवे अस्पताल तक आने वाली सड़क भी कई सालों से नहीं बनी है। इसके कारण यहां से वाहनों का गुजरना बेहद मुश्किल होता है।

### 7 से बढ़कर 14 मीटर होना था रोड

इसके पहले तक सड़क 7 मीटर चौड़ा था। फोरलेन बनने के बाद 14 मीटर का रोड बनाने का प्रस्ताव था। बीच में डिवाइडर और दोनों तरफ 7-7 मीटर रोड बनना था। हालांकि अतिक्रमण हटाकर इसका निर्माण करने में पहले ही समस्या आती ही रही है। रास्ते में दो रेलवे ब्रिज भी हैं जिन्हें चौड़ा करने का काम अभी नहीं हुआ है। लोक निर्माण विभाग ने दावा किया था कि जावरा फाटक अंडरब्रिज से डोसीगांव का रोड फोरलेन बनने के बाद आवागमन में सुविधा होगी। लेकिन फिलहाल पिछले 2 सालों से सुविधा के लिए लोगों का इंतजार बढ़ता ही जा रही है।

### पेयजल वितरण व्यवस्था होगी प्रभावित

**रतलाम, निप्र।** जावरा फाटक से सेजावता तक सड़क निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा 33 केवी धोलावाड़ फीडर का शट डाउन किया जाएगा। 24 नवम्बर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक शट डाउन रहेगा। इसके कारण धोलावाड़ व मोरवानी फिल्टर प्लांट के पम्प बंद रहेगे। पम्प बंद रहने से 25 नवम्बर को जिन क्षेत्रो में पेयजल वितरण प्रभावित होगा।

# सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में 114 जोड़ों ने शुरू किया नया जीवन

### निगम प्रशासन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सभी कन्याओं को महापौर द्वारा 49 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र।** नवचंडी ग्राउंड खंडवा में शनिवार नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव के नेतृत्व में सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में 114 जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की।



समाजसेवी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की कार्यक्रम में शामिल जोड़ों को महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्प वर्षा का वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया, एवं प्रत्येक कन्याओं को49.49 हजार के चेक वितरित किए, इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने सभी दांपत्य जीवन शुरू करने वालो को शुभकामना देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की हमारी सरकार प्रदेश का विकास तो कर ही रही है, लेकिन बेटियों को बचाने, पढ़ाने एवं उनकी शादियों की भी चिंता करती है, देश का यह पहला राज्य है जहां गरीब कन्याओं के विवाह के लिए सरकार 55 हजार प्रत्येक कन्या के लिए खर्च कर रही है, प्रदेश में लाखों की संख्या में कन्याओं के विवाह इस योजना अंतर्गत संपन्न हुए हैं, हमारे जिले में भी हजारों की संख्या में कन्याओं के विवाह संपन्न हुए हैं, सामूहिक विवाह के अंतर्गत कम खर्चे में गरीब परिवार की शादी की रस्म पूरी हो जाती है, नए जीवन में प्रवेश की आप सभी को शुभकामनाएं, आयोजित कार्यक्रम को परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, सेवादास पटेल, एमआईसी सदस्य विक्की बावरे ने भी संबोधित किया, महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव का जन्मदिन भी था। इस खुशी के अवसर पर, महापौर जी ने नवविवाहित जोड़ों और उपस्थित जनसमूह के साथ केक काटकर खुशियां साझा कीं। सुनील जैन ने बताया की कार्यक्रम के दौरान नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक घरेलू सामग्री और आशीर्वाद स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सेवा का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया आभार आयुक्त प्रियंका राजावत पटेल ने व्यक्त किया,महापौर अमृता अमर यादव परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा सेवा दास पटेल राजेश तिवारी, प्रवक्ता सुनील जैन, आशीष राजपूत,पार्षद विक्की बावरे, राजेश यादव, सोमनाथ काले, आशीष चटकेले,अनिल वर्मा, किरण प्रेम गोयल, स्वाति साकल्ले, रोशनी गोलकर, पवन गोस्वामी, शब्बीर कादरी, रानी वर्मा संतोष सारवान, पवन गोस्वामी, आयुक्त प्रियंका, कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय, वर्षाधीघोड़े, नवनीत शुक्ला धीरज दवे संजय शुक्ला भूपेंद्र सिंह बिसेन सहित हजारों की संख्या में शामिल पुरुष एवं मातृशक्ति के साथ निगम के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# लायन्स क्लब खण्डवा अन्नदान के क्षेत्र में अग्रणी : अमृता यादव



**खण्डवा, निप्र।** महापौर अमृता यादव ने लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा ज़िला चिकित्सालय में सन्चालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में पहुँचकर अपनी सेवाएं दी।समाजसेवी सुनील जैन व नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स भोजन सेवा केंद्र के चेयरमैन गांधी प्रसाद गदले,को-चेयरमेन नारायण बाहेती ,को चेयरमैन राजीव शर्मा, झोन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, उपाध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव घनश्याम वाधवा, सुरेंद्रसिंह सोलंकी,संजना खत्री,सनत श्रीमाली, सुनील जैन, लायन व लियो सदस्यों महापौर अमृता अमर यादव का स्वागत किया। लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में मरीजो व उनके परिजनों को मिठाई व भोजन कराया गया।

नारायण बाहेती ने कहाकि महापौर ने अपने व्यस्ततम समय मे भी लायन्स भोजन सेवा केंद्र में पधारी।महापौर व उनका परिवार हर शुभ अवसर पर भोजन शाला में आकर अपने हाथों मरीजों व परिजनों को भोजन परोसते है। लायन्स क्लब खण्डवा के सभी आयोजन व जागरूकता कार्यक्रमों में महापौर व नगरपालिक निगम खण्डवा का सराहनीय सहयोग मिलता है। महापौर अमृता यादव ने कहाकि लायन्स क्लब खण्डवा पीड़ित मानव सेवा के साथ अन्नदान में अग्रणी है।

### जनता ने झूठ और नफरत की राजनीति करने वाली इंडी गठबंधन को नकारा : पाटिल

**बुरहानपुर, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी ने महायुति के साथ मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारी भरकम जीत दर्ज कराई है। इसे लेकर शनिवार शाम 4 बजे सांसद कार्यालय और 5 बजे कमल टॉकिज चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जश्न मनाया गया।

जमकर आतिशबाजी की गई। सांसद और नेताओं ने एक दूसरे को और कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 3 जिलों की 15 विधानसभाओं में प्रचार की जिम्मेदारी मिली थी। इसमें से 10 पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चुनाव मैंदान में थे। परिणाम सामने आया तो 10 में से 9 भाजपा प्रत्याशी जीते।

इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा-भारतीय जनता पार्टी पर देश की जनता का पूरा विश्वास है। महाराष्ट्र में भी यह फिर साबित कर दिया गया कि जो लोकसभा के चुनाव के समय नैरेटिव फैलाया गया था उसे जनता समझ चुकी थी। जनता कुछ समय के लिए भ्रमित हो गई थी, लेकिन उस समय हमारे कार्यकर्ताओं ने परिश्रम किया। श्री पाटिल ने कहा महाराष्ट्र की जनता ने झूठ और नफरत की राजनीति करने वाली कांग्रेस व इंडी गठबंधनको नकारा।

महायुति की सरकार पर वहां की जनता ने विश्वास कर आशीर्वाद दिया। कार्यकर्ताओं का परिश्रम रहा। मप्र की लाड़ली लक्ष्मी योजना की तरह महाराष्ट्र में लाडली बहनों का खासा आशीर्वाद रहा।

### भैरव अष्टमी पर निकली कलश यात्रा का छनेरा में जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** शनिवार को नया हरसूद-छनेरा सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में भैरव अष्टमी पर्व कुनबी - पटेल समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर षनिवार सुबह साढे 10 के लगभग कुनबी-पटेल समाज द्वारा संत बुखारदास बाबा मंदिर छनेरा से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा संत बुखारदास बाबा मंदिर छनेरा से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक, श्रीराम चौराहा, फीलगुड चौराहा होते हुए कुनबी पटेल समाज धर्मशाला पहुंची। जहां पर नवनिर्मित मंदिर में भगवान भैरव बाबा की प्रतिमा स्थापना के साथ ही कलष का समापन हुआ। कलश यात्रा का शनिवार सुबह जगह-जगह पुष्प वर्षाकर जोरदार स्वागत किया गया।



### आदिवासियों को फ्री में मिल रही घास

**बुरहानपुर, निप्र।** वन बचाने के लिए जिले की वन समितियां अब आदिवासी समाजजन के साथ मिलकर नवाचार कर रही है। वन समिति के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में अब घास कटाई की जा रही है इससे आदिवासियों को लाखों का फायदा हो रहा है।

दरअसल पहले आदिवासी समाज के लोग अपने पशुओं के लिए घास महाराष्ट्र से लाते थे, लेकिन पिछले दिनों वन समिति ने स्थानीय स्तर पर ही फ्री में घास मुहैया कराने का निर्णय लिया था जिससे उनका महाराष्ट्र जाकर घास लाने का समय और पैसा दोनों ही बच रहा है। करीब 100 से अधिक आदिवासियों को फ्री में दो समितियों द्वारा घास मुहैया कराई जा रही है इससे आदिवासियों को लाखों का फायदा हो रहा है।

ग्राम वन समिति रासवाली और ग्राम वन समिति झिरपांजरिया की ओर से इन दिनों घास कटाई कराई जा रही है जिससे ग्रामीणों और वन समितियों को फायदा हो रहा है।

# विद्यार्थियों से भरी बस चलाकर शासकीय महाविद्यालय हरसूद पहुंचे मंत्री शाह





विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** शनिवार को शासकीय महाविद्यालय हरसूद में शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होने के लिए जनजातीय कार्यमंत्री डॉ कुंवर विजय शाह शनिवार दोपहर ढाई बजे के लगभग विद्यार्थियों से भरी बस चलाकर शासकीय महाविद्यालय हरसूद पहुंचे। शपथ विधि समारोह के अवसर पर जनजातीय कार्यमंत्री डॉ कुंवर विजय शाह द्वारा शासकीय महाविद्यालय हरसूद को दो बसों की सौगात प्रदान की गई। शासकीय महाविद्यालय हरसूद में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ कुंवर विजय शाह ने कहा कि छात्राओं के लिए 8 करोड की लागत से हरसूद में 100 सीटर आवासीय छात्रावास बनवाया जाएगा। दो माह में टेंडर लग जाएंगे तथा डेढ साल में छात्रावास बनकर शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही खालवा में 8 करोड की लागत से आवासीय छात्रावास मंजूर कर दिया है। इसके अलावा 1 करोड का सामुदायिक भवन रोशनी में, 1 करोड का सामुदायिक भवन खालवा में एवं 5 करोड का आटोरियम एवं म्युजियम चारखेडा हेतु मंजूर किया है। 150 करोड का स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स सेल्दा में बन रहा है हमारी कोशिश होगी की आगामी ओलंपिक का कोई गेम सेल्दा में हो।

प्राचार्य ने जनभागीदारी समिति अध्यक्ष को दिलाई शपथ

शनिवार को जनजातीय कार्यमंत्री डॉ कुंवर विजय शाह की उपस्थिति में प्राचार्य व्हीके वर्मा द्वारा नवनियुक्त जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अष्विनी शर्मा को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अरिहंत पब्लिक स्कूल संचालक संतोष जैन द्वारा जनजातीय कार्यमंत्री डॉ कुंवर विजय शाह को जननायक बिरसा मुंडा का चित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता संतोष सोनी, विधायक प्रतिनिधि कमल खंडेलवाल, फरीद खान, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गौरीशंकर टाले सहित बडी संख्या में शासकीय महाविद्यालय स्टाफएवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# मुंगफली तेल में गिरावट

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना आवक करीब 2000 बोरी। नीलामी 6500 - 6600 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6650 - 6800 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 4000 बोरी। नीलामी 1300 - 14000 रुपए।

**छावनी व्यापारिक मंडी ( प्रति क्विंटल) -** चना कांटा 6700 - 6750 विशाल चना 6600 - 6650 डंकी चना 5800 - 600 मसूर 6000 - 6050 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8500 - 9700 रुपए क्विंटल।

तिलहन - सोयाबीन 4390 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5700 - 5900 एवरेज बारीक 5500 - 5600 रुपए।



**दाल भाव (प्रति क्विंटल) -** तुअर दाल फूल 12200 - 12400 तुअर दाल सवा नंबर 11900 - 11900 चना दाल 8300 - 8400 एक्स्ट्रा बोल्ड 9500 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9600 - 9700 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**चावल भाव (प्रति क्विंटल)** - कोहिनूर बासमती वंड 14800 - 15300 तिबार 12400 - 12600 मिनी दुबार बासमती (921)10300 - 10500 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6800 - 9500 रुपए।

**सियागंज थोक किराना बाजार -** सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 640 - 800 काजू टुकड़ी 560 - 570 बादाम (देसी - आयातित) 680 - 790 किशमिश कंधारी 550 - 570 बेस्ट 610 - 690 रुपए किलो।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो) -** मूंगफली तेल इंदौर 1510 - 1520 मुबंई 1525 - 1530 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 1370 - 1380 सोया डीगम (बिना टैक्स ) 1260 - 1265 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 मुंबई पाम ऑइल 1365 - 1370 गुजरात कपास्या तेल 1240 - 1245 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2370 - 2380 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

**मावा -** 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 80100 रुपए।
चाँदी 92400 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।
सोना 2714 डॉलर प्रति औंस।
चांदी 3132 सेंट प्रति औंस।

## संक्षिप्त समाचार

### नेत्रदान की लो ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंची, शकुंतलाबाई के हुए नेत्रदान



**सोनकच्छ, निप्र।** वैश्य महासम्मेलन सोनकच्छ द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान महादान अंदोलन में नगर के साथ अब ग्रामीण क्षेत्र भी जुड़ गया है इसी कड़ी में शनिवार को 42वां नेत्रदान हुआ।शनिवार को भगवानसिंह राजपूत खेड़ा वाले की धर्मपत्नी शकुंतलाबाई का निधन हो गया। इस दुख की घड़ी के बावजूद भी परिजनों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान की। नेत्रदान के लिए एम.के .इंटरनेशनल आई बैंक को सूचना दी गई वहां से सीनियर टेक्नीशियन गोपाल सिरोंके ने आकर सफलता पूर्वक नेत्रदान संपन्न कराया।इस पुनीत कार्य के लिए राजपूत परिवार को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।नेत्रदान संपन्न करवाने में म.प्र.वैश्य महासम्मेलन के उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी ,नेत्रदान प्रभारी हुकमचंद अग्रवाल ,वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई सोनकछ अध्यक्ष सुरेशचंद्र मूंदड़ा का सहयोग रहा।नगर में चल रहे नेत्रदान महादान अभियान में अब निरंतर जागरूकता बढ़ रही है।

### हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य घर में मृत अवस्था में पाएं गए, दो दिन बाद मकान मालिक और पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची

**सोनकच्छ, निप्र।** विकास खंड सोनकच्छ के ग्राम अघेरा के हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य देवीलाल उईके 55 वर्ष घर में मृत पाए गए। जांच कर्ता अधिकारी एस आई मानसिंह गामड़ ने बताया कि मृतक शिक्षक देवीलाल उईके गुलाब सिंह नागर प्रगति नगर सोनकच्छ के मकान के निचले फ्लोर पर करीबन 03 महिने से किराये पर अकेले रहते हैं। मकान मालिक गुलाब सिंह नागर को दिनांक 20.11.24 को



देवीलाल उड्के स्कूल से आने के बाद शाम 07.00 बजे मुझे घर पर मिले थे जो उसके बाद उन्होने अपना कमरा बंद कर लिया था उसके बाद गुलाब अपने काम मे दो दिन तक व्यस्त रहने से एवं उसकी पत्नि के मायके चले जाने से ध्यान नही दे पाया और देवीलाल उड्के गुलाब को दिनांक 22.11.24 तक नही दिखे न ही उनका गेट खुला दिखा जो अंदर से बंद था जिस पर गुलाब द्वारा दरवाजा खोलने के लिये आवाज लगाई जो नही खोला तो शंका होने पर शुक्रवार शाम करीबन 06.30 बजे गुलाब ने अपने भतिजे विशाल नागर को फोन लगाकर बुलाया व उसके आने पर 181 डायल करने पर 100 नंबर पुलिस मोके पर आये जिनके आने पर देवीलाल उईके को आवाज लगाई जो दरवाजा नही खोलने पर बीचवाले कमरे के दरवाजे मे धक्का मारकर दरवाजा खोला जो अंदर जाकर देखा तो देवीलाल उईके उनके बेड पर चित्त अवस्था मे पड़े थे। जिनको पुलिस व हमने आवाज लगाई जो नही उठे उनकी मृत्यु हो चुकी थी। फिर थाना सोनकच्छ से पुलिस आयी व देवीलाल उईके के परिजनो को पुलिस द्वारा सूचना दी गयी जो मोके पर उनकी पुत्री प्रियंका व दामाद देवास से उपस्थित आये जिन्होने भी मोका देखा फिर पुलिस एवं परिजनो के साथ देवीलाल उड़के को 100 डायल वाहन से सरकारी अस्पताल सोनकच्छ लेकर गये जहां डाक्टर द्वारा उनकी मृत घोषित कर दिया। उईके मुल रुप से खातेगांव के रहने वाले थे और परिजन उईके का शव खातेगांव ले गए जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उईके की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

### भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्पन्न




**सोनकच्छ, निप्र।** अमर शहीद राजा भाऊं महाकाल महाविद्यालय,सोनकच्छ के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 18 से 23 नवम्बर के मध्य विभिन्न अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित सामान्य ज्ञान, लोक गायन, भाषण एवं निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी को आगामी जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभगिता का अवसर मिलेगा। सम्पूर्ण गतिविधियां महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अर्चना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रो.सुधीर महाजन के संयोजन में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रमों में डॉ .अंजली अग्रवाल, डॉ.रितेश शर्मा, डॉ. वंदना नामदेव, डॉ. प्रिया सीठा तथा डॉ. मुकेश सांवले का विशेष सहयोग रहा।

### भैरव अष्टमी पर श्मशान भैरव को लगा छप्पन भोग



**सोनकच्छ, निप्र।** शनिवार को भैरव अष्टमी के अवसर पर कालीसिंध नदी किनारे स्थित श्मशान भैरव बाबा का अलग-अलग स्वरूप आकर्षक श्रंगार किया गया और छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाया और हवन-यज्ञ किया गया। भक्तों द्वारा रातभर पूजा अर्चना की गई। भैरव अष्टमी पर बाबा के दर्शन करने के लिए मंदिर पर दर्शनार्थीयो की भीड़ लगी रही।

### जीएम फसलों के विरोध में किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर, निप्र।** जीएम फसलों को लेकर भारतीय किसान संघ ने देवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। शाजापुर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शनिवार को देवास पहुंचे और क्षेत्रीय सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जीएम फसलों की भारत में अनुमति नहीं दी जाए, जीएम बीज पर केंद्र सरकार जल्द से जल्द प्रतिबंध लगाए। ज्ञापन देते समय राजबहादुरसिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष सवाईसिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष दिनेश कलमोदिया, जिला मंत्री मुकेश पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष ललित नागर, जिला सदस्य भागीरथ तोमर, तहसील अध्यक्ष बड़ोदिया शंकरसिंह कुंभकार, तहसील उपाध्यक्ष अशोक फौजी, शाजापुर नगर अध्यक्ष जितेंद्र पाटीदार सहित किसान संघ कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भूसा सप्लायर्स का बोर्ड लगा रखे टीन शेड की छत वाले गोडाउन से पकड़ा उर्वरक...

## अवैध रूप से उर्वरक विनिर्माण एवं भण्डारण करने पर एफआईआर दर्ज

विनय उजाला

**देवास, निप्र। जिले में किसानो को कृषि आदन सामग्री उच्चगुणवत्ता एवं मानक स्तर की उपलब्ध हो इसलिये कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा गुण नियंत्रण अभियान चलाया जाकर कृषि आदान निर्माता / विक्रेताओ के गोदामो का सघन निरीक्षण कर नियमानुसार नमूने लेने की कार्यवाही जारी है।**



उपसंचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कालका पुरी दरगाह के पीछे उज्जैन रोड देवास हिन्द भूसा सप्लायर्स का बोर्ड लगे एक टीन शेड की छत वाले गोडाउन पर जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय गुण नियंत्रण उडनदस्ता दल द्वारा औचक निरीक्षण किया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उक्त गोडाउन में इंडियन पोटाश लिमिटेड कम्पनी की डीएपी अंकित प्रिन्टेड बोरियों में लगभग 203 बोरिया भरी एवं सील की गई एवं 27 बोरिया भरी हुई एवं बगैर सील की गई साथ ही इंडियन पोटाश लिमिटेड कम्पनी के अमोनियम फास्फेट सल्फेट 20 : 20 : 0 : 13 के 33 बैग भरे हुऐ बगैर सीले तथा मोनी मिनरल्स एण्ड ग्रेण्डर्स यूनिट इण्डस्ट्रीयल एरिया मेघनगर झाबुआ मार्केटेड बाय सर्वश्रेष्ट एग्रो प्रोडक्ट 114 उज्जवल सीटी मालीखेडी, विदिशा रोड भोपाल के एनपीके 12:32:06 कृषि उन्नति अंकित प्रिन्टेड बोरियों के 04 बैग पैकिंग अवस्था में एवं 28 बैग भरे हुऐ बिना सीले पाये गये। इसके अतिरिक्त लगभग 600 बोरिया काले रंग के कच्चे माल से भरी अवस्था में पाई गई जिनमें पारादीप फास्फेट्स लिमिटेड कम्पनी की टीएसपी अंकित लगभग 100 खाली बोरी कृषि उन्नति एनपीके 12:32:06 की लगभग 400 खाली बैग, इंडियन पोटाश लिमिटेड कम्पनी का अमोनियम फास्फेट सल्फेट 20 : 20 : 0 : 13 के लगभग 500 खाली बैग, इफकों कम्पनी के सागरिका की 10 किलोग्राम पैकिंग में 70 खाली बोरिया एवं 25 किलोग्राम की पैकिंग में लगभग 1000 खाली बोरिया , इंडियन पोटाश लिमिटेड कम्पनी का एमओपी अकिंत लगभग 500 खाली बोरिया , इंडियन पोटाश लिमिटेड कम्पनी की डीएपी अंकित लगभग 55 खाली बोरिया एक सिलाई मशीन चलित अवस्था में, दो सिलाई मशीन बंद अवस्था में एवं एक इलेक्ट्रानिक तुलाई मशीन के साथ ही कच्चे माल की लगभग 1000 अचिन्हाकिंत बोरिया पाई गई। गोदाम प्रभारी धीरज भडावदिया पिता मोहनलाल भडावदिया निवासी अग्रवाल नगर सिविल लाईन देवास से उक्त संबंध में जब आवश्यक दस्तावेज मांगे जाने पर दल को उपलब्ध नही कराये गये जिससे स्पष्ट होता है कि संबंधित द्वारा कूटरचित तरिके से बोरियों में अवैध रूप से नकली उर्वरकों के विनिर्माण एवं भण्डारण कर किसानों को सप्लाई किया जा रहा था जो कि उर्वरक ( नियंत्रण ) आदेश 1985 की धारा 7, 8 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन होने से उक्त माल को जप्त कर थाना सिविल लाईन देवास की अभिरक्षा में भूसा सप्लायर्स का बोर्ड लगे एक टीन शेड की छत वाले गोडाउन दिया जाकर संबंधित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट ( स्नद्धक्र) दर्ज कराई गई है। उक्त कार्यवाही श्री लोकेश गंगराडे सहायक संचालक कृषि , राहुल जायसवाल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं दिनेश परमार कृषि विकास अधिकारी के द्वारा की गई। उपसंचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि जिले में किसानो को उच्चगुणवत्ता एवं मानक स्तर का बीज , उर्वरक एवं कीटनाशक मिले सकें इस हेतु जिले में सघन अभियान चलाकर नमूनें लिये जाकर सत्त निरीक्षण किया जा रहा है।

## समाजसेवी ने पुलिस के सुपुर्द किया मोबाइल

विनय उजाला



**शाजापुर, निप्र।** रास्ते में पड़ा मिला मोबाइल समाजसेवी के द्वारा थाना पहुंचकर पुलिस के सुपुर्द किया गया। शाजापुर शहर के सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश केलकर ने रास्ते में मिले आईफोन प्रो 16 शनिवार को थाना लाल घाटी पहुंचकर थाना प्रभारी को जमा कराया। केलकर के इस ईमानदारी की पुलिस ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए सराहना की। केलकर ने बताया कि उक्त मोबाइल फोन उन्हे रास्ते में पड़ा मिला था, जिस पर उन्होने उसे पुलिस के सुपुर्द किया है, ताकि पुलिस मोबाइल को उसके मालिक तक पहुंचा सके।

## कार के पेड़ से टकराने पर एक की मौत, चार घायल

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** अनियंत्रित होकर कार के पेड़ से टकरा जाने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सारंगपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह 4.30 बजे अकोदिया मंडी के समीप केवड़ाखड़ी रोड़ पर घटित हुई, जब भोपाल से आगर जा रही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में कार चालक आगर निवासी आयुष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजेश, रवि, राहुल और योगेंद्र घायल हो गए। सूचना मिलने पर एम्बुलेंसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस 108 के पायलेट अशोक मालवीय एवं ईएमटी रघुवीरसिंह राठौड़ ने प्राथमिक उपचार देकर सारंगपुर अस्पताल पहुंचाया जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई, प्लास्टिक इकाइयों का निरीक्षण

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से, भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध लागू किया गया है। इसके तहत पॉलिस्टायरीन और अन्य चिन्हित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई गई है।



इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देशन में विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया। इसमें सहायक पर्यावरण अधिकारी अखिलेश कुमार शुक्ला, प्रदूषण बोर्डय सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रय राजेश डामोर तथा स्वास्थ्य एवं खाद्य निरीक्षक, हरेंद्र सिंह ठाकुर शामिल रहे। टीम ने शहर में स्थित प्रमुख प्लास्टिक उत्पाद निर्माण इकाइयों जैसे मालवा प्लास्टिक, चामुंडा प्लास्टिक, एस एम प्लास्टिक और अनिरुद्ध प्लास्टिक का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की जांच की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध का पालन किया जा रहा है। श्री ठाकुर ने बताया कि प्रतिबंधित उत्पादों की सूची मे स्टिक उत्पादरू इयरबड्स, गुब्बारे, आइसक्रीम और कैंडी स्टिक्स, कटलरी और बर्तनरू कप, प्लेट, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, और स्टारर, रैपिंग फिल्मरू मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट के लिए उपयोग होने वाली फिल्म व अन्यरू झंडे, पॉलिस्टायरीन या पीवीसी बैनर शामिल है। अभियान के तहत यह सुनिश्चित किया गया कि ये इकाइयां पर्यावरणीय नियमों का सख्ती से पालन करें। यदि किसी इकाई द्वारा प्रतिबंध का उल्लंघन पाया गया, तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने आम जनता से अपील की है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। यह अभियान प्रदूषण मुक्त देवास के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# जीएम फसलों का प्रवेश भारत में ना हो यह मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

## भारतीय किसान संघ ने सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी को सौंपा ज्ञापन

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** देश भर में जीएम फसलों के प्रयोग विदेशी कंपनियों द्वारा पिछले दरवाजे के माध्यम से किया जा रहा है। सरकार इन जीएम फसलों को प्रयोग की अनुमति न दे भारतीय किसान संघ इसका घोर विरोध करता है। भारतीय किसान संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी ने जी एम सरसों बीज की अनुमति देने पर घोर विरोध किया है।



संगठन ने देश भर के सांसदों, राज्यसभा सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र में ज्ञापन के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है कि जीएम फसलों का भारत में अनुमति नहीं दी जाए क्योंकि पहले भी 2002 में कॉटन बीज की अनुमति दी थी वह प्रयोग सफल नहीं हुआ इसके बाद 2005 ,और 2009 में भी इसे दोहराया गया अब पिछले दरवाजा के माध्यम से सरसों बीज पर अनुमति देने की तैयारी चल रही है। बगैर संसद में बहस किये वेज्ञानिको की राय, किसान संगठनों की सहमति के बगैर इन बीजों की अनुमति देना भारत की जनता एवं किसानों के हित में नहीं है। आज भारतीय किसान संघ ने देवास शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि इस मुद्दे को आप संसद के पटल पर रखें क्योंकि यह गम्भीर मामला है भारत की भूमि के अनुकूल भी नहीं है। इस अवसर पर संभागीय सह मंत्री बहादुर सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष हुकम पटेल, जिला कार्यालय मंत्री आनंद मेहता, अजब सिंह चावड़ा, जिला उपाध्यक्ष नारायण, मंडलोई, जिला सह मंत्री चंपालाल मुकाती, माखन नाहर हुकम सेधव, सोनकच्छ तहसील अध्यक्ष कालू सिंह राजपूत, देवास तहसील अध्यक्ष मूलचंद पाटीदार, हाटपिपल्या तहसील अध्यक्ष रामनारायण यादव, राधेश्याम पाटीदार, धर्मेंद्र यादव पोपसिंह पटेल उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर उज्जैन की युवती का शारीरिक शोषण करने वाला युवक गिरफ्तार

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** सगाई कर शादी का झांसा देकर उज्जैन निवासी युवती का लगातार शारीरिक शोषण करने वाले शाजापुर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन निवासी युवती ने बीते दिनों थाना कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी सगाई शिवम परमार पिता प्रमोद परमार निवासी मारवाड़सेरी शाजापुर से 26 नवंबर 2022 को उज्जैन में हुई थी। सगाई के बाद से उसकी शिवम की बातचीत होने लगी थी और शिवम उसे कई बार घुमाने के लिए शाजापुर और इंदौर भी ले गया जहां उसने शादी होने की बात कहकर शारीरिक संबंध बनाए। शुभम शादी का कहकर कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा, लेकिन जब शादी का कहा गया तो शिवम और उसके परिवार ने कुंडली में मंगल दोष होने की बात कहकर शादी करने से इनकार कर दिया। इस बाबत शिवम और उसके परिवार से कई बार संपर्क किया गया किंतु उन्होने शादी से साफ मना कर दिया और समाज में बदनाम कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी शिवम परमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी आशा सोलंकी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है। पीड़िता ने शाजापुर के आरोपी शिवम के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर में बताया है कि आरोपी ने उसके साथ शाजापुर और इंदौर की होटल में शारीरिक शोषण किया है। पीड़िता ने बताया कि सगाई के कुछ माह बाद शिवम ने उसके घर आना-जाना शुरू कर दिया था और वह घर से बाहर घुमाने के लिए ले जाया करता था। चूंकि शिवम से सगाई हो गई थी और शादी होने वाली थी इसलिए परिवार के लोग उसके साथ घूमने भेज दिया करते थे।

## पार्षद प्रतिनिधि ने नियमित उपस्थिति तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

# सीएम राइज विद्यालय हरायपुरा में हुआ बालसभा का आयोजन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। विद्यार्थियों में प्रतिभा को स्थान देने तथा आनंदमई वातावरण में शिक्षा देने के साथ ही विद्यार्थियों में नियमित उपस्थिति तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीएम राइज विद्यालय हरायपुरा शाजापुर में शनिवार को बालसभा का आयोजन किया गया।**





बाल सभा कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज गवली के साथ ही वार्ड क्रमांक 2 से पार्षद प्रतिनिधि एवं सभापति सतीश राठौर, वार्ड क्रमांक 22 पार्षद प्रतिनिधि अजय चंदेल, सौरभ गवली, संतोष गवली, गणेश गवली, राजेश गवली मौजूद रहे। बालसभा की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रानू सक्सेना द्वारा की गई। शिक्षक दिलीप जायसवाल ने बताया कि बालसभा के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुति दी गई, जहां एक और धार्मिक प्रस्तुति ने अतिथियों को आकर्षित किया तो वहीं अंग्रेजी विषय एवं साइबर जागरूकता पर विद्यार्थियों द्वारा नाट्य प्रदर्शनी ने समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों तथा अतिथियों का मन मोह लिया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

पार्षद प्रतिनिधि गवली एवं टीम द्वारा प्रतिमाह विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो-दो विद्यार्थियों को को पाठ्य सामग्री से पुरस्कृत किया जाता है। गवली द्वारा किए जा रहे ये प्रयास विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतियोगिता के निर्माण को प्रोत्साहित कर रहे हैं। बालसभा के दौरान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण पर जोर दिया जाता है जिससे कि विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा के साथ ही राष्ट्रीय भावना का विकास हो सके। इस बार भी कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षक जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के माध्यम से ही भविष्य एवं वर्तमान पीढ़ी को सायबर फ्राड से बचने के लिए जागरूक किया जा सकता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि नौनिहालों को जागरुक करते हुए पालकों एवं आम जनता में सायबर जागरूकता लाई जाए जिससे कि बढ़ते हुए सायबर अपराध पर लगाम लगाई जा सके। इस अवसर पर रेखा सोनी, तस्वीरआरा खान, शैफाली जोशी, तबस्सुम शाह, ईश्वरलाल मालवीय, सीमा सोनगरा, दिलीप जायसवाल, हेमंत सक्सेना, अरुणा कराड़ा आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश के विभिन्न उत्पादों के प्रति उत्साह



**भोपाल, निप्र।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली आम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।मेले में लोगों को भारत और दुनिया भर के उत्पादों की प्रदर्शनी देखने को मिल रही है। पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने भी शनिवार को मध्यप्रदेश मण्डप का अवलोकन किया तथा एमएसएमई इकाईयों, स्व-सहायता समूहों और शिल्पियों से मिलकर उनके उत्पादों की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। देश के सबसे लोकप्रिय व्यापारिक आयोजनों में से एक भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला कम्पनियों, प्रदर्शकों और पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। नए अविष्कारों, शिल्प और वस्तुओं के बारे में जानने के लिए लोग काफी उत्सुक है। मेले की इस वर्ष की थीम विकसित भारतञ्च 2047 है। मेले में विभिन्न राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों एवं भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा भागीदारी की जा रही है। मध्यप्रदेश मण्डप में एमएसएमई इकाईयों, स्व-सहायता समूहों, स्टार्ट-अप एवं शिल्पियों द्वारा सक्रिय भागीदारी कर लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया जा रहा है। मध्यप्रदेश मण्डप में होलोग्राफिक इमेजेस से मध्यप्रदेश राज्य में एक जनवरी-2025 से प्रारम्भ होने वाले विकास के 4 मिशन को दर्शाया गया है, जिसे आम लोगों के साथ कारपोरेट जगत के लोगों द्वारा भी पंसद किया जा रहा है। मध्यप्रदेश मंडप में भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन द्वारा भी उन्नत तकनीकी के उपयोग के सम्बंध में पूछताछ की गयी।

### चलती ट्रेन में यात्री को आया हार्ट अटैक, टीटीई ने दिया सीपीआर, ऑपरेशन कर्मयोगी के तहत लिया था प्रशिक्षण

**भोपाल, निप्र।** गाड़ी सं 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में एक यात्री (कार्डियक अरेस्ट) हृदयाघात के कारण अचेत हुआ तो कोच में अफरातफरी मच गई सूचना मिलने पर गाड़ी में टिकट जाँच कर रहे छपरा के उप मुख्य टिकट निरीक्षकों राजीव कुमार एवं मनमोहन कुमार ने बिना देरी किए यात्री को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया अपनाकर य होश में लाया। साथ ही छपरा स्वास्थ्य यूनिट के डॉक्टर को तुरंत अटेन्ड करने की सूचना भी दी। लगातार सीपीआर देने और कृत्रिम श्वसन देने प्रयासों के बाद यात्री ने अपनी आँखें खोली और बेहतर महसूस करने लगा। अमृपाली एक्सप्रेस के छपरा स्टेशन पर पहुंचते ही हेल्थ यूनिट छपरा के डॉक्टर ने अटेन्ड किया। उक्त दोनों उप चल टिकट निरीक्षकों को कर्मयोगी प्रशिक्षण में प्राथमिक चिकित्सा एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया का कार्यसाधक ज्ञान था इसलिए वे यात्री का जीवन बचा सके। इसके लिए यात्री ने रेलवे कर्मचारियों की सहायता एवं मेडिकल ज्ञान की सराहना की उसके सहयात्रियों ने भी रेलवे कर्मचारियों को हृदय से आभार प्रकट किया। रेल प्रशासन द्वारा रेल कर्मचारियों को कर्मयोगी प्रारम्भ मॉड्यूल' के माध्यम से इस पाठ्यक्रम से निश्चय ही कर्मचारियों के कार्य क्षमता में सुधार हो रहा है तथा रेल उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओं में उत्कृष्टता आ रही है। रेलवे प्रशासन अपने कर्मचारियों को नित नये-नये तरीकों से प्रशिक्षित कर अपने उपभोक्ताओं विशेषकर रेल यात्रियों को बेहतर से बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु निरन्तर प्रयासरत है। इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे अपने कर्मचारियों को यात्री सेवा कार्यों में निपुण बनाने के साथ ही कार्य क्षमताओं को विकसित करने हेतु 'कर्मयोगी मॉड्यूल' में प्रशिक्षित किया है।



### काल भैरव अष्टमी पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**भोपाल, निप्र।** शनिवार को काल भैरव अष्टमी है। मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव को समर्पित है। इस दिन काल भैरव की पूजा करने से जहां मृत्यु का भय खत्म होता है, तो वहीं शत्रुओं पर विजय प्राप्त हो जाती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने काल भैरव अष्टमी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मंगलकामना की है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा। ॐ भैरवाय नमः।। भगवान श्री काल भैरव अष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं। नकारात्मकता, विषमता एवं कष्टों से श्री काल भैरव जी आप सभी की रक्षा करें, जीवन में सुख, समृद्धि, संपन्नता की वृद्धि करें, यही करबद्ध प्रार्थना करता हूं।

## 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा हम होंगे कामयाब अभियान

### मंत्री सुश्री भूरिया करेगी अभियान का शुभारंभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे क़ामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 25 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से प्रातः10 बजे इस अभियान की शुरुआत करेगी। जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित की गई है।



कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की ज़िम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव ,महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी। कार्यशाला के दूसरे दिन युवाओं की भूमिका बदलाव के वाहक, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, तकनीक आधारित जेंडर हिंसा की समझ तथा विश्वविद्यालय स्तर पर महिला सुरक्षा उपाय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यूके-जर्मनी दौरा

# प्रदेश को समन्वित विकास के केन्द्र में स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यूके एवं जर्मनी दौरा मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश, तकनीकी साझेदारी और सांस्कृतिक संबंधों के केन्द्र में स्थापित करने का महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश की समृद्धि के लिये 24 से 30 नवम्बर तक 2 देशों यूके और जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव यूके और जर्मनी की यात्रा के दौरान प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में निवेश के लिये उद्योगपतियों एवं निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। मध्यप्रदेश से यूके और जर्मनी को मशीनरी, फार्मास्यूटिकल, मेडिकल डिवाइस, टेक्सटाइल, गारमेन्ट, प्लास्टिक का निर्यात किया जाता है। प्रदेश औद्योगिक नीतियों और निवेश के अनुकूल वातावरण बनाकर देश के अग्रणी राज्यों में शुमार होने के लिये निरंतर प्रयत्न कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यात्रा मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यात्रा में यूके और जर्मनी के उद्योगपतियों, निवेशकों और एनआरआई समुदाय को मध्यप्रदेश में व्यापार-व्यवसाय के अनुकूल वातावरण और अधोसंरचनात्मक विकास से परिचित कराया जायेगा। उन्हें प्रदेश की इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट पॉलिसी और एमएसएमई प्रोत्साहन योजनाओं से भी अवगत कराया जायेगा। यात्रा में यूके और जर्मनी के प्रमुख उद्योगों और एमएसएमई से साझेदारी के अवसर तलाशे जायेंगे। प्रदेश को न्यूनतम लागत राशि में कुशल विनिर्माण केन्द्र के रूप में प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही राज्य के स्पेशल इकोनॉमिक जोन की जानकारी साझा की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यात्रा से यूके-जर्मनी में निवासरत मध्यप्रदेश के लोगों को प्रदेश की प्रगति में योगदान के लिये प्रेरित किया जायेगा। फ्रेंड्स ऑफ एमपी और रूट-टू-रूटस् जैसे अभियान भी इसमें मददगार रहे हैं। इससे शैक्षिक, औद्योगिक और शोध संस्थानों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसमें तकनीकी हस्तांतरण और सुदृढ़ विकास के लिये सहयोग सुनिश्चित करने के प्रयास भी किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 24 से 27 नवम्बर तक यूके यात्रा पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ ब्रिटिश सांसदों और व्यावसायिक प्रतिनिधियों से मीटिंग करेंगे। फ्रेंडस् ऑफ एमपी नेटवर्क विस्तार का कार्य भी किया जायेगा। प्रमुख उद्योगपतियों के साथ इन्टेरक्टिव सेशन, राउंड टेबल मीटिंग और वन-टू-वन मीटिंग भी होंगी। शहरी पुनर्विकास और प्रौद्योगिकी नवाचार में यूके की विशेषज्ञता का अध्ययन भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 27 से 30 नवम्बर तक जर्मनी की यात्रा में प्रमुख औद्योगिक शहर म्यूनिख और स्टटगार्ट के औद्योगिक केन्द्रों का भ्रमण करेंगे। वे फेसिलिटी एसएफसी एनर्जी, बेर्लोचर और लेप ग्रुप जैसे अग्रणी संस्थानों के फेसलिटी सेंटर का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जर्मनी में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ राउंड टेबल मीटिंग करेंगे और प्रवासी भारतीयों को एमपी में निवास के लिये प्रोत्साहित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यूके-जर्मनी यात्रा से एमपी में निवेश तो आयेगा ही, साथ ही तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करने के नये अवसर प्राप्त होंगे। इंडस्ट्रियल और एजुकेशनल मेनुफेक्चरिंग स्किल्स के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोगात्मक संबंध भी स्थापित होंगे। अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एमएसएमई सेक्टर में होने वाले नवाचारों एवं विकास में गति आयेगी। राज्य की औद्योगिक क्षमता बढ़ेगी साथ ही प्रतिस्पर्धा में भी वृद्धि होगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव को यूके और जर्मनी की यात्रा पर जाने पर दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर यूके और जर्मनी दौरे के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यह दौरा राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बनने का अवसर मिलेगा, जिससे राज्य के विकास गति और तेज होगी। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह दौरा राज्य के आर्थिक विकास को नया आयाम देगा और वैश्विक पटल पर मध्यप्रदेश को एक नई पहचान दिलाएगा।

---

# पीएस और आयुक्त भी करें उपर्जान केन्द्रों का औचक निरीक्षण : गोविन्द सिंह राजपूत

### खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मिलिंग नीति की खाद्य मंत्री ने की समीक्षा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के मिलिंग नीति की समीक्षा करते हुए अफसरों को कड़े निर्देश दिये है कि उपार्जन के दौरान या उसके बाद होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए विभाग के प्रमुख सचिव और आयुक्त उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण करें।



मंत्रालय में प्रस्तावित मिलिंग नीति की समीक्षा करते हुए खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अफसर कड़े निर्णय लेने से गुरेज न करें। उन्होंने उपार्जन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए उड़नदस्ता बनाकर निगरानी करने के निर्देश दिये है। व्यवस्था में सुधार लाने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनिमिता पाये जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें। श्री मंत्री सिहं राजपूत ने कहा कि मैदानी स्तर पर नॉन सभी जिला प्रबंधकों को कडे निर्देश जारी किये जाये कि वहां मिलर्स को अनावश्यक रूप से परेशान न करें। श्री राजपूत ने अफसरों को निर्देश दिये कि उपार्जन कार्य में संलग्न सर्वेयरों पर सतत् निगरानी रखे तार्कि वह उपार्जन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कुछ नई कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश अधिकारीयों को दिये। बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरूण शमी, आयुक्त खाद्य सिबि चक्रवर्ती एमडी नागरकि आपूर्ति निगम पी.एन यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने निर्देश दिये कि भारतीय खाद्य निगम को उच्च गुणवत्ता का चावल के परिदान करने के निर्देश दिये है। बैठक में आयुक्त खाद्य सिबि चक्रवर्ती ने बताया कि इस बार उपार्जन कार्य दो संस्थाओं द्वारा कराया जाएगा जिसमें चार जिलों शहडोल, अनूपपुर, डिंडोरी एवं बैतूल में एनसीसीएफ एवं शेष जिलों में नागरिक आपूर्ति निगम (नॉन) द्वारा उपार्जन कार्य किया जाएगा।

#### 20 दिन में मानक स्तर का चावल जमा कराना अनिवार्य

प्रस्तावित नई मिलर्स नीति 2024-25 में पहली बार दण्ड का प्रावधान किया गया है जिसमें बीआरएल चावल को शीध्र अपग्रेड कर जमा कराने के लिये सीएमआर के परीक्षण उपरांत पाये गये बीआरएल चावल की सूचना मिलर्स को प्राप्त होने के दिनांक से 20 दिवस में मानक स्तर का चावल जमा कराना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में मिलर्स पर 2 रूपये प्रति दिन का जुर्माना लगाया जाऐगा तथा एक माह में मानक स्तर का चावल जमा न कराये जाने पर मिलर्स द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि राजसात की ली जाएगी।

#### अब अनुबंध एवं डीओ ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे मिलर्स

मिलर्स के लिए व्यवस्था को सुविधा जनक बनाने के लिहाज से मिलर्स द्वारा धान उठाव एवं सी.एम.आर. के लिए किये जाने वाले अनुबंध ऑनलाइन जारी किये जायेगे तथा डिलेवरी ऑर्डर (डी.ओ.) को प्रबंधक के डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन जारी किया जायेगा। दरअसल इस नई व्यवस्था के पूर्व मिलर्स को अपना डिलेवरी ऑर्डर लेने के लिए दो-तीन दिन का समय लग जाता था। मिलर्स के लिए व्यवस्था को सरल बनाने के उद्वेश्य से इस बार व्यवस्था में बदलाव करते हुए डी.ओ. (डिलेवरी ऑर्डर) एवं अनुबंध ऑनलाइन जारी किये जायेंगे।

---



# मंत्री तोमर ने उपनगर ग्वालियर में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड 11 में 77 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड क्रमांक 11 के गोसपुरा नंबर 2 में मानमंदिर टॉकीज से खारा कुआं तक और गोसपुरा नंबर 1 पुरानी सब्ज़ी मंडी के पास हाजरिा तक एवं डॉ. हरी वाली गली से कारीगरों की बगिया तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपके विश्वास और सहयोग से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। साथ ही कहा कि उप नगर ग्वालियर में शिक्षा एवं स्वास्थ्य में अतुलनीय कार्य हुआ है। सिविल अस्पताल हजीरा बेहतर सुविधा उपलब्ध करा रहा है। भूमि-पूजन कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती अनीता (गुड्डु) रत्नाकर, श्री अशोक शर्मा, राजा मान सिंह तोमर, श्री योगेंद्र तोमर, मायाराम सिंह तोमर, श्री वेदप्रकाश शिवहरे, शीतल अग्रवाल, राम अवतार वैश्य, श्री पवन किरार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

## स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिये दिया जा रहा है प्रशिक्षण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना सशक्त करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण योजना चलाई जा रही है। योजना से प्रदेश में करीब एक लाख 50 हजार बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया है। योजना में 15 हजार 245 शासकीय विद्यालयों की 80 हजार 466 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिलाया गया। इसी के साथ प्रदेश में संचालित 207 कस्तूरबा गांधी विद्यालय और 324 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास में अध्ययनरत 70 हजार 450 बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 1 से 8 की बालिकाओं के विद्यालयों के लिये प्रशिक्षण राशि भी जारी की है। स्कूल शिक्षा विभाग ने दृष्टि बाधित बच्चों की सुविधा को देखते हुए उनके पाठ्यक्रम की समस्त पुस्तकें ब्रेल लिपि में उपलब्ध करवाई हैं। ब्रेल लिपि पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण शासकीय ब्रेल प्रेस भोपाल से कराया गया है। प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पढने वाले दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविरों के माध्यम से कराया गया।

# बेफिक्रे परिंदे फिटनेस को लेकर क्रेजी हुए युवा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** दिसम्बर की गुलाबी ठंड है ऐसा मै भोपाल बाइसिकल राइडर्स ग्रुप के राइडर्स निकल पड़ते है। विनोद पांडेय जो इस ग्रुप के मेंबर है बताते है प्रधानमंत्री मोदी के लिए उम्र महज एक नंबर है क्योंकि उनकी फिटनेस, उनकी उम्र को मात देती है। हम आपको बताना चाहते है आजकल साइकिल से टूर निकलना भी कुछ लोगों को पसंद है. यह फिजिकल और मेंटल हेल्थ के साथ पर्यावरण के लिए काफी अच्छा माना जाता है

**भोपाल बाइसिकल राइडर्स ग्रुप का लक्ष्य हर घर से 1 सदस्य जोड़ना और भोपाल को साइकिल सिटी बनना :** विनोद बताते है कई खूबसूरत पर्यटन स्थलों के साथ देश कई ऑफबीट गंतव्यों से भरा हुआ है, जहां की सैर आप कार से तो बिल्कुल नहीं कर सकते। इसलिए, भारत की विविध टूरिस्ट लोकेशन और संस्कृति का पता लगाने के लिए साइकिल सबसे अच्छा साधन है।कई खूबसूरत पर्यटन स्थलों के साथ देश कई ऑफबीट गंतव्यों से भरा हुआ है, जहां की सैर आप कार से तो बिल्कुल नही कर सकते। इसलिए, भारत की विविध टूरिस्ट लोकेशन और संस्कृति का पता लगाने के लिए साइकिल सबसे अच्छा साधन है। साथ ही, यह लोगों के बजट में भी रहता है और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाता। साइकिल में आपको प्रदूषण, खर्च या पेट्रोल के बारे में भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। कल्पना करिए आप अपनी साइकिल घास के मैदानों पर या घने समुद्र तटों और खूबसूरत तटीय रेखा के किनारे चला रहे हैं। ऐसा नजारा साइकिल चलाने के दौरान बेहद ही कम देखने को मिलता है।



---

जनता ने मोदी जी के मंत्र को स्वीकारा..एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

# झूठ ब विभाजन कि राजनीति करने वालों को महाराष्ट्र की जनता ने नकारा : डॉ. नरोत्तम मिश्रा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। पूर्व गृह मंत्री व महाराष्ट्र चुनाव में गोंदिया-भंडारा लोकसभा कलस्टर प्रभारी बनाए गए डॉ नरोत्तम मिश्रा ने भाजपा व महायुति गठबंधन कि प्रचंड जीत पर कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने झूठ व विभाजन की राजनीति करने वालो को सबक सिखा दिया है ,उन्हें सिरे से नकार दिया है। कांग्रेस व उसके सहयोगी मोदी जी व महायुति की आंधी में पत्तो की तरह उड़ गए।यह जीत विकास व विश्वास की है।**

महाराष्ट्र चुनाव परिणामों को लेकर मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ मिश्रा ने कहा कि काठ की हांडी बार बार नही चढ़ती है। लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी व उसके घमंडिया गठबंधन ने संविधान खतरे में है को लेकर झूठ फैलाया था। जातिगत जनगणना को लेकर भ्रम भी फैलाने की कोशिश की थी। इस झूठ से कांग्रेस को कुछ सफलता मिल भी गई थी लेकिन कोई भी झूठ ज्यादा समय तक नही टिकता है जनता सच समझ गयी। इसी के चलते विधानसभा चुनाव में बाबा साहेब की कर्म भूमि रहे महाराष्ट्र की जनता ने सविधान व विभाजन कि राजनीति करने वालो को ऐसा सबक सिखाया की उन्हें घर बैठा दिया। डॉ मिश्रा में कहा कि यह प्रचन्ड जीत विकास व विश्वास की है। लोगो ने विकास करने वालो को वोट दिए।मोदी जी व महायुति गठबंधन पर विश्वास किया और समर्थन दिया। मोदी जी मंत्र एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे को जनता ने आत्मसात किया। इसका परिणाम सामने है। जनता ने प्रचन्ड जीत दिलाई। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि देश कि जनता अब राहुल गांधी की झूठ व विभाजन कारी राजनीति को समझ गयी है। राहुल गांधी तो झूठ के पर्यावाची हो गए है।यही कारण है कि हरियाणा चुनाव में जनता ने कांग्रेस व उसके सहयोगियों को गिराया था, महाराष्ट्र चुनाव में तो लेटा ही दिया।यूपी सहित अन्य उपचुनाव में भी कांग्रेस का क्या हश्र हुआ यह सामने है। डॉ मिश्रा ने कहा कि महाराट्र की जनता ने हम पर जो फिर विश्वास किया है हम उस पर खरे उतरकर दिखाएंगे। महाराष्ट्र में अब डबल इंजन की सरकार होगी जो विकास व जनकल्याण को लेकर काम करेगी।



### डॉ. मिश्रा ने भंडारा-गोंदिया में किया कमाल

महाराष्ट्र चुनाव में भण्डारा व -गोंदिया जिले कि सभी सीटों कि जिम्मेदारी विशेष तौर से डॉ नरोत्तम मिश्रा को दी गयी थी। पिछली बार यहां से भाजपा केवल तिरोडा विधानसभा सीट जीती थी। इस बार एक छोड़कर (साकोली) बाकी सभी सीटो पर भाजपा व उसके सहयोगियों ने जीत दर्ज की है। आम गाँव, गोंदिया, अर्जुनी मोर गाँव, तिरोडा,भंडारा व तुमसर सभी विधानसभा सीटे भाजपा गठबंधन कि झोली में आई है।साकोली में भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना भाई पटोले बहुत कम अंतर से जीत पाए है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560